दैनिक
# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

जिस दिन आप परिस्थितियों को दोष देना छोड़कर स्वयं को सुधारना शुरू कर देते हैं, उसी दिन से आपकी किस्मत बदलनी शुरू हो जाती है।

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-93 | झुंझुनू (राजस्थान) | सोमवार, 23 फरवरी, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## रिश्तों की असली पूंजी: समर्पण, विश्वास और संवाद

आधुनिक जीवन की भागदौड़, प्रतिस्पर्धा और डिजिटल दूरी के इस दौर में यदि कोई चीज सबसे अधिक नाजुक हुई है, तो वह है–रिश्ते। रिश्ते केवल खून या सामाजिक बंधनों से नहीं टिकते; वे विश्वास, समर्पण और आपसी समझ की बुनियाद पर खड़े होते हैं। जब यह बुनियाद मजबूत होती है, तो जीवन की आंधियां भी उन्हें गिरा नहीं पातीं। लेकिन जैसे ही गलतफहमियों की दीमक इस आधार को कुतरना शुरू करती है, रिश्तों की दीवारें दरकने लगती हैं। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

आज का समय त्वरित प्रतिक्रियाओं का है। किसी ने फोन नहीं उठाया, संदेश का जवाब देर से दिया, या किसी बात का अर्थ हमारी अपेक्षा से अलग निकला–और हम तुरंत निष्कर्ष पर पहुँच जाते हैं। हम सामने वाले की परिस्थिति, उसकी मन:स्थिति या उसके संघर्ष को समझने की कोशिश नहीं करते। परिणामस्वरूप, एक छोटी-सी बात दूरी का कारण बन जाती है। कई बार व्यक्ति चाहकर भी अपनी बात स्पष्ट नहीं कर पाता, या उसके शब्दों को गलत अर्थ दे दिया जाता है। इसमें किसी का इरादा बुरा नहीं होता; केवल नजरिए का अंतर होता है। परंतु यही अंतर, यदि समय रहते संवाद से पाटा न जाए, तो संबंधों को दुश्मनी में बदल सकता है। रिश्तों में सबसे बड़ा संकट तब पैदा होता है जब संवाद समाप्त हो जाता है। मौन कई बार शांति का प्रतीक होता है, परंतु रिश्तों में लंबे समय तक बना मौन दूरी की खाई को और गहरा कर देता है। खुलकर बात करने से उलझनें सुलझ सकती हैं, लेकिन हम अक्सर अपने अहंकार को आगे रख देते हैं। हम यह सोचते रहते हैं कि पहले सामने वाला पहल करे। इसी प्रतीक्षा में कई सुंदर संबंध टूट जाते हैं। सच यह है कि यदि रिश्ता कीमती है, तो पहल करना कमजोरी नहीं, बल्कि परिपक्वता का संकेत है।

आज के समाज में रिश्ते निभाने से ज्यादा उन्हें तोड़ना आसान हो गया है। सोशल मीडिया ने 'अनफॉलो' और 'ब्लॉक' जैसे विकल्प देकर हमें यह भ्रम दे दिया है कि लोगों को जीवन से भी उतनी ही आसानी से हटाया जा सकता है। परंतु वास्तविक जीवन में रिश्ते किसी बटन से नहीं जुड़ते और न ही टूटते हैं। वे भावनाओं, स्मृतियों और साझा अनुभवों से बने होते हैं। इसलिए उन्हें संभालने के लिए धैर्य, त्याग और संवेदनशीलता की आवश्यकता होती है।

विश्वास किसी भी संबंध की आत्मा है। एक बार यदि यह दरक जाए, तो उसे पुन: स्थापित करना कठिन हो जाता है। इसलिए आवश्यक है कि हम जल्दबाजी में आरोप न लगाएं, बल्कि सच्चाई जानने का प्रयास करें। कई बार परिस्थितियाँ ऐसी होती हैं कि व्यक्ति अपने मन की बात कह नहीं पाता। उसे अवसर देना, उसकी बात सुनना और उसकी स्थिति को समझना ही रिश्ते की सच्ची परीक्षा है। सुनना केवल शब्दों को ग्रहण करना नहीं, बल्कि भावनाओं को समझना भी है। समर्पण का अर्थ यह नहीं कि हम अपने आत्मसम्मान को त्याग दें, बल्कि इसका अर्थ है कि हम रिश्ते को अपनी जिद से ऊपर रखें। हर संबंध में मतभेद स्वाभाविक हैं। दो अलग-अलग व्यक्तित्व, दो अलग अनुभव और दो अलग सोच जब साथ आते हैं, तो विचारों का टकराव होना स्वाभाविक है। परंतु परिपक्वता यह है कि हम मतभेद को मनभेद न बनने दें। यदि दोनों पक्ष अपनी-अपनी जगह सही हैं, तो समाधान खोजने की जिम्मेदारी भी दोनों की है। परिवारों में, मित्रताओं में और दांपत्य जीवन में अक्सर छोटी-छोटी बातों पर बड़ी दूरियाँ बन जाती हैं। इसका कारण केवल एक है–संवाद की कमी और धारणाओं की अधिकता। हम अनुमान लगाते हैं, पर पूछते नहीं; हम शिकायत करते हैं, पर स्पष्टता नहीं चाहते। यदि हम केवल इतना कर लें कि किसी भी निर्णय से पहले एक बार खुलकर बात कर लें, तो आधे से अधिक विवाद समाप्त हो सकते हैं।

यह भी सच है कि हर रिश्ता बचाया नहीं जा सकता। कुछ संबंध विषैले भी होते हैं, जहाँ सम्मान और संवेदनशीलता का अभाव होता है। परंतु अधिकांश रिश्ते गलतफहमी के कारण टूटते हैं, न कि दुर्भावना के कारण। इसलिए जरूरी है कि हम हर दूरी को अंतिम सत्य न मान लें। कभी-कभी एक सच्ची बातचीत, एक माफी या एक स्पष्टीकरण वर्षों की दरार को भर सकता है।

**अंतत:**, हमें यह समझना होगा कि किसी भी गलतफहमी की उम्र हमारे रिश्ते की खूबसूरती से बड़ी नहीं होनी चाहिए। यदि हम अपने संबंधों को सच में महत्व देते हैं, तो हमें अपने अहंकार से ऊपर उठकर संवाद का रास्ता चुनना होगा। रिश्ते निभाना साहस का काम है, क्योंकि इसमें धैर्य, त्याग और संवेदनशीलता की आवश्यकता होती है। परंतु यही साहस हमारे जीवन को अर्थपूर्ण बनाता है। रिश्तों की असली पूँजी धन या दिखावा नहीं, बल्कि विश्वास और समझ है। यदि हम इन्हें सहेजकर रखें, तो कोई भी गलतफहमी हमारे संबंधों को कमजोर नहीं कर पाएगी। संवाद को अपनाइए, अहंकार को त्यागिए और समर्पण के साथ रिश्तों को सींचिए–यही स्थायी और सुखद जीवन की कुंजी है।

# घुमंतु-अर्द्ध घुमन्तु समुदाय की बैंक गारंटी में दूंगा: सीएम भजनलाल

### कहा-आज भी कहीं जमीन में गड़ा धन मिलता है तो वो बंजारा समाज का ही है

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के युवा,महिला अगर अपना व्यापार करना चाहते है तो सरकार उनके साथ है। उन्होने कहा कि मैं जानता हूं कि आपके पास बैंक में रखने के लिए कुछ नहीं होता हैं। लेकिन आप चिंता मत कीजिए, आपकी बैंक गारंट देने वाला भी मैं हूं। आप अपना फॉर्म भरिए, आगे आइए, क्या काम करना चाहते है। वो काम कीजिए। हमारी सरकार पूरी तरह से आपके साथ हैं। सीएम रविवार को अंबाबाड़ी स्थित आदर्श विद्या मन्दिर के सभागार में आयोजित विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु समुदाय अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रबुद्धजन महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

**गड़ा धन मिलता है तो वो बंजारा समाज का** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि बंजारा समाज के जैसा व्यापारिक कौशल किसी ओर का नहीं है। हमने देखा है जब हमारा यह समाज किसी बड़े गांव में जाता था। गांव के लोग कहते थे कि हमें कुछ आवश्यकता है तो उसी गांव में इनका एक निशान होता था।

उस जगह पर गड़ा धन निकालकर उस गांव की अर्थव्यवस्था में योगदान देते थे। आज भी मैं कहना चाहता हूं कि अगर किसी गांव में अथवा किसी अन्य स्थान पर इस तरह का धन मिलता है तो वो किसी ओर का नहीं है, वो बंजारा समाज का ही हैं।





### स्कूल ऑन व्हील्स की स्थापना होगी

सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने घुमन्तु परिवारों को आश्रय उपलब्ध कराने के लिए आवासीय पट्टे वितरित किए और इन परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए छात्रावास की व्यवस्था की। वहीं इस बजट में हमने घुमन्तु समुदाय के बच्चों की शिक्षा के लिए राज पहल कार्यक्रम की अभिनव पहल की है।इस कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रत्येक जिले में एक स्कूल ऑन व्हील्स स्थापित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इसके साथ ही प्रवास-प्रभावित क्षेत्रों में अस्थायी शिक्षा शिविर तथा शैक्षिक संभागों में 6 माह के स्कूल रेडिनेस कैम्प भी आयोजित किए जाएंगे। इससे पलायन और प्रवास के कारण नियमित विद्यालय से वंचित रहने वाले बच्चों तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित होगी।

# पैदल यात्रियों का सुरक्षित चलना आवश्यक: डीजीपी राजीव शर्मा

### कहा- सड़क सुरक्षा की नियम पालना जरूरी; 5 किलोमीटर रनिंग के साथ युवाओं ने किया योग-जुम्बा

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** जयपुर में डीजीपी राजीव शर्मा ने कहा- पैदल यात्रियों का सुरक्षित रूप से चलना सड़क सुरक्षा का मूलभूत स्तंभ है। उन्होंने कहा- यह सड़क सुरक्षा की नियम पालना तथा विभिन्न हितधारकों को एकजुट कर सुरक्षित जयपुर के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शहर में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के युवाओं, राजस्थान पुलिस अकादमी के प्रशिक्षुओं तथा कालिका स्क्वॉड की पुलिसकर्मियों सहित 1 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने वॉकाथॉन में हिस्सा लिया। जगतपुरा से शुरू हुई इस वॉकाथॉन का उद्देश्य पैदल यात्रियों की सुरक्षा, सुरक्षित बुनियादी ढांचे की वकालत करना तथा इसमें युवाओं की सक्रिय भागीदारी करना रहा। यह कार्यक्रम देश में सड़क सुरक्षा जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को सशक्त बनाने के लिए बॉश की ओर से मुस्कान फाउंडेशन फॉर रोड सेफ्टी के साथ रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहले प्रशिक्षकों ने योग एवं जुम्बा सत्र आयोजित किए गए। वॉकाथॉन का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक राजस्थान राजीव कुमार शर्मा ने किया। 5 किलोमीटर से गुजरी वॉकाथॉन वॉकाथॉन में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ट्रैफिक योगेश दाधीच, पुलिस उपमहानिरीक्षक




कुंवर राष्ट्रदीप आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर अनेक युवा प्रतिभागी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, सड़?क सुरक्षा से जुड़े सहयोगी विभागों के प्रतिनिधि तया बॉश और मुस्कान फाउंडेशन की आयोजन टीम उपस्थित रही। 5 किलोमीटर की यह पदयात्रा जयपुर के प्रमुख क्षेत्रों से होकर गुजरी। रनर्स ने #Streets For All का नारा दोहराते हुए सभी के लिए सुरक्षित, स्वस्थ पैदल परिवेश की मांग को सुदृढ़ किया। इस वॉकाथॉन में प्रमुख सहयोगी विभागों में जयपुर ट्रैफिक पुलिस, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (RTO), शिक्षा विभाग तथा विभिन्न गैर-सरकारी संगठन शामिल रहे।

# अनाधिकृत रूप से रह रहे रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों का पता लगाने के लिए चलाया गया विशेष सर्च अभियान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**

**भांडोरिया ।** एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन एवं डीएसपी हेडक्वार्टर डॉ रविन्द्र सिंह के सुपरविजन में कार्य करते हुए स्पेशल सेल इंचार्ज निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने स्थानीय पुलिस व स्व्व्ज्ञ टीम के साथ शनिवार को थाना धारूहेड़ा व सेक्टर-6 धारूहेड़ा क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बंगला देशी नागरिकों का पता लगाने के लिए एक विशेष सर्च अभियान चलाया। जिसके तहत जिला पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर झुग्गी-झोपड़ियों, होटल, पोल्ट्री फार्म व अन्य संदिग्ध स्थानों पर विशेष सर्च अभियान चलाकर अवैध तरीके से रहने वाले बांग्लादेशी, विदेशी नागरिक, रोहिंग्या व संदिग्ध लोगों की जांच की गई। इस दौरान पुलिस टीम ने वहा पर रह रहे बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी ली तथा उनके पहचान पत्र भी जांचे। अभियान के तहत पुलिस ने बाहरी लोगों की पहचान सुनिश्चित की तथा संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की। इसके साथ ही पुलिस ने वाहनों के कागजातों की भी जांच की। पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। जिला पुलिस द्वारा बाहरी लोगों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है और आगे भी इस तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा। जिले में जो भी लोग बाहर से आकर रह रहे हैं उनकी पहचान सुनिश्चित होना अत्यंत आवश्यक है। सुरक्षा की दृष्टि से यह कदम उठाए जा रहे हैं। सभी थाना प्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्र में सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार अप्रवासी रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान करके उनको वापिस भेजने की प्रक्रिया अमल में लाई जाए। पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने सभी जिला वासियों से अपील करते हुए कहा है कि सभी अपने पास काम करने वाले या किराए पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवा लें, हो सकता है कोई अपराधी या क्रिमिनल हो। अगर भविष्य में कोई व्यक्ति ऐसा नहीं करता तो उसके खिलाफ भी पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# जोतराम धाम में रक्तदान शिविर: 160 यूनिट रक्त का महादान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.गोलेहेड़ा (मुंडावर)।**

**रमेशचंद ।** रविवार सोडावास - अजरका मार्ग स्टेट हाइवे 52 पर सराय कला बस स्टैंड के समीप गोलेहेड़ा गांव के जोतराम धाम में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 160 यूनिट रक्त का महादान किया गया। जोतराम धाम के मुकेश भगत के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में दूरदराज से आए युवाओं ने अपना रक्तदान स्वेच्छा से महादान के रूप में किया। मुकेश भगत ने कहा कि रक्तदान महादान है, जो सभी पीड़ित लोगों के काम आता है। यह सबसे बड़ा दान कहा जाता है। इस पुनीत कार्य की आसपास के लोगों ने तारीफ की। आपको बता दें कि गोलेहेड़ा गांव के जोतराम धाम में 38 वी बार रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने रक्तदान करने वाले युवाओं को सम्मानित किया और उनके इस कार्य की सराहना की। रक्तदान शिविर का आयोजन करने वाले लोगों ने कहा कि वे आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जा सके।



# ग्राउंड रिपोर्ट: 56 लाख का 'स्वास्थ्य मंदिर' या भ्रष्टाचार का स्मारक?

## श्योलपुरा में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र का छज्जा गिरा, गुणवत्ता और निगरानी पर बड़े सवाल

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.खेतड़ी।**

खेतड़ी उपखंड की देवता ग्राम पंचायत के श्योलपुरा गांव में 56 लाख रुपये की लागत से बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य गंभीर सवालों के घेरे में आ गया है। निर्माणाधीन भवन का छज्जा कार्य के दौरान अचानक भरभराकर गिर पड़ा। गनीमत रही कि मौके पर काम कर रहे मजदूर बाल-बाल बच गए अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई है। निर्माण कार्य अभी पूर्ण भी नहीं हुआ है और भवन के हिस्से गिरने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण की गुणवत्ता शुरू से ही संदिग्ध रही है। कई स्थानों पर दीवारों की मोटाई मात्र चार इंच बताई जा रही है। सपोर्ट के लिए आवश्यक बीम और कॉलम पर्याप्त रूप से दिखाई नहीं दे रहे हैं। कुछ हिस्सों में आरसीसी कार्य भी मानकों के अनुरूप नहीं होने की बात कही जा रही है। निर्माण के दौरान ही दीवारों में दरारें उभर आई थीं और अब छज्जा गिरने की घटना ने इन आशंकाओं को और मजबूत कर दिया है। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के दावे करती है। गांव-गांव उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की योजनाएं बनाई जाती हैं ताकि लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए दूर न जाना पड़े। लेकिन श्योलपुरा की तस्वीर इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। 56 लाख रुपये की लागत से बन रहा यह भवन खुद ही असुरक्षित नजर आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल एक छज्जा नहीं गिरा बल्कि गुणवत्ता और जवाबदेही का पूरा ढांचा कमजोर पड़ा है। स्थानीय लोगों का दावा है कि उन्होंने पहले भी निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग और कमजोर ढांचे को लेकर आपत्ति दर्ज करवाई थी। शिकायतें संबंधित विभाग तक पहुंचाई गई थीं लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। पूर्व सरपंच हुक्मीचंद मेहरड़ा सहित कई ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो यह भवन भविष्य में मरीजों के लिए खतरा बन सकता है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र लोगों के इलाज के लिए बनता है, जोखिम देने के लिए नहीं। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि इस प्रकार की घटनाएं सिस्टम की कमजोरियों को उजागर करती हैं। तकनीकी निगरानी यदि नियमित और सख्त हो तो निर्माण में लापरवाही की गुंजाइश कम हो जाती है। साइट इंजीनियर और सुपरवाइजर की नियमित उपस्थिति तथा गुणवत्ता जांच की पारदर्शी व्यवस्था आवश्यक है। ठेका प्रक्रिया में उपयोग की जा रही सामग्री की ब्रांड और ग्रेड का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। भुगतान से पहले स्वतंत्र तकनीकी सत्यापन और संरचनात्मक सुरक्षा प्रमाण पत्र की व्यवस्था भी अनिवार्य होनी चाहिए। छज्जा गिरने की घटना के बाद ग्रामीणों ने स्वतंत्र तकनीकी टीम से स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने की मांग की है। निर्माण सामग्री की लैब जांच कर रिपोर्ट सार्वजनिक करने की बात कही गई है। दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की मांग भी उठी है। जांच पूरी होने तक भुगतान रोकने और साइट पर दैनिक गुणवत्ता विवरण बोर्ड लगाने की भी मांग की जा रही है ताकि आमजन को निर्माण की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सके। यह मामला केवल श्योलपुरा गांव तक सीमित नहीं है। यह उन सभी ग्रामीण क्षेत्रों का सवाल है जहां सरकारी भवन कागजों में मजबूत और जमीन पर कमजोर साबित हो रहे हैं। सरकारी धन जनता की अमानत है। स्वास्थ्य केंद्र केवल ईंट और सीमेंट का ढांचा नहीं बल्कि भरोसे का प्रतीक होता है। यदि निर्माण में पारदर्शिता और जवाबदेही नहीं होगी तो ऐसे हादसे भविष्य में गंभीर परिणाम ला सकते हैं। अब नजर प्रशासन की कार्रवाई पर है। यदि निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारी तय की जाती है तो यह मामला मिसाल बन सकता है। अन्यथा यह भी एक और फाइल बनकर रह जाएगा और जनता का भरोसा फिर से आहत होगा।







# राजकीय महाविद्यालय मुंडावर के जर्जर भवन के लिए बजट आवंटन की मांग

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** मुंडावर में राजकीय महाविद्यालय के जर्जर भवन को लेकर क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है। रविवार 21 फरवरी को मोहन बाग पैलेस मुंडावर में राष्ट्रीय किसान महासभा राजस्थान के जिला अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ खैरथल तिजारा एडवोकेट केशव सिरोहीवाल के नेतृत्व में महाविद्यालय भवन के लिए बजट आवंटन की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2018 में स्थापित राजकीय महाविद्यालय मुंडावर आज तक अपने स्थायी भवन से वंचित है। वर्तमान में महाविद्यालय जिस भवन में संचालित हो रहा है वह अत्यंत जर्जर और खंडहर अवस्था में है। भवन की दीवारों और छत की स्थिति ऐसी है कि किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। विद्यार्थियों और स्टाफ की सुरक्षा को लेकर लगातार चिंता बनी हुई है। ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले महाविद्यालय की यह स्थिति क्षेत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं यहां आते हैं। ऐसे में असुरक्षित भवन में अध्ययन करना उनके जीवन के साथ खिलवाड़ के समान है। एडवोकेट केशव सिरोहीवाल ने मांग करते हुए कहा कि सरकार को तत्काल संज्ञान लेकर महाविद्यालय के स्थायी भवन निर्माण के लिए विशेष बजट आवंटित करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जर्जर भवन की तकनीकी जांच कर विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और निर्माण कार्य के लिए स्पष्ट समयसीमा घोषित की जाए ताकि वर्षों से लंबित यह समस्या जल्द समाधान की ओर बढ़ सके।ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि जब तक नया भवन तैयार नहीं हो जाता तब तक कक्षाओं की व्यवस्था किसी सुरक्षित वैकल्पिक भवन में की जाए ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो और उनकी जान जोखिम में न पड़े। इस दौरान हेमंत गांधीनगर, विशाल यादव, दिनेश, देवेश, राजेंद्र हवलदार, फूल सिंह, अनिल यादव, नीरज यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और छात्र मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में महाविद्यालय के लिए शीघ्र बजट स्वीकृत करने और सुरक्षित भवन उपलब्ध कराने की मांग की।





## वीडियो गेमिंग

# 'खेल' खिलाना हुआ अरबों का कारोबार



**कम्प्यूटर के बाद अब स्मार्टफोन पर गेमिंग का क्रेज बढ़ रहा है। इस गेम के दीवाने बच्चे ही नहीं, युवा भी हैं। यही वजह है कि गेमिंग मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। नए-नए वीडियो गेम्स के लिए ऑगमेंटेड रिएलिटी जैसी तकनीकें लोगों को खूब भा रही हैं, जिसमें अपनी सेल्फी के जरिये गेम के किसी कैरेक्टर का रूप धारण किया जा सकता है। वहीं, जॉब्स के लिहाज से भी गेमिंग सेक्टर काफी हॉट है। नैस्कॉम की एक हालिया शोध के अनुसार, भारत की मौजूदा गेम इंडस्ट्री लगभग 890 मिलियन डॉलर (करीब 5783 करोड़ रुपए) तक पहुंच चुकी है। स्मार्टफोन की बिक्री बढ़ने के साथ ही उद्योग में और विस्तार की उम्मीद जताई गई है।**

### कोर्स और क्वॉलिफिकेशन

कई संस्थान वीडियो गेमिंग में डिग्री, डिप्लोमा या एडवांस डिप्लोमा प्रोग्राम ऑफर कर रहे हैं। इस तरह के कोर्स में एडमिशन 12वीं और ग्रेजुएशन के बाद लिया जा सकता है। एनिमेशन और मल्टीमीडिया कोर्स के अंतर्गत ही गेमिंग की जानकारी दी जाती है। कोर्स में ड्रॉइंग, डिजाइनिंग, प्रोडक्शन, प्रोग्रामिंग, लाइटिंग, एनिमेशन और डिजिटल आर्ट्स की जानकारी दी जाती है। कम्प्यूटर साइंस, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर इंफॉर्मेशन सिस्टम्स या इससे जुड़े पाठ्यक्रम में बीटेक/बीएससी ग्रेजुएट के लिए ये प्रोग्राम खास तरह से डिजाइन किए गए हैं।

### पर्सनल स्किल

वीडियो गेम इंडस्ट्री पूरी तरह से क्रिएटिव और टेक्निकल फील्ड है। यहां कलात्मक लोगों और आईटी ग्रेजुएट्स को तरजीह दी जाती है। इसलिए गेमिंग फील्ड में करियर बनाने वालों में कम्प्यूटर में अभिरुचि के साथ-साथ गेम खेलने का शौक भी होना चाहिए। गेम डेवलपमेंट के लिए इस्तेमाल हो रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑगमेंटेड रिएलिटी जैसी नई-नई तकनीक से वाकिफ होना होगा। प्रोग्रामिंग लैंग्वेज सी, सी ++, विजुअल बेसिक, जावा, एमईएल, 2डी/3डी तथा गणित की अच्छी जानकारी रखनी होगी। इसी तरह अच्छी कम्युनिकेशन स्किल, विजुअलाइजेशन स्किल, ड्रॉइंग एप्टिट्यूड, कलर की समझ और टीमवर्क जैसी स्किल इस प्रोफेशन में आगे बढ़ने के लिए बहुत जरूरी है।

### गेम डेवलपर्स की भूमिका

गेम डेवलपर को वीडियो गेम्स डेवलपर या वीडियो गेम डिजाइनर भी कहा जाता है। आम तौर पर वीडियो गेम बनाने वाले सॉफ्टवेयर डेवलपर या इंजीनियर ही होते हैं। इससे जुड़े प्रोफेशनल्स वीडियो या कम्प्यूटर गेम्स के विकास के हर पहलू पर काम करते हैं, जिसमें गेम की डिजाइनिंग के अलावा कॉन्सेप्ट, स्टोरी राइटिंग, कोडिंग, प्रोग्रामिंग जैसे कार्य शामिल हैं। गेम की पूरी निर्माण प्रक्रिया एक टीमवर्क है। इसमें डिजाइनर्स, ग्राफिक आर्टिस्ट, प्रोग्रामर, प्रोड्यूसर और मार्केटिंग स्टाफ जैसे प्रोफेशनल्स भी सहयोग करते हैं। गेम डेवलपर किसी खास गेम प्लेटफॉर्म के स्पेशलिस्ट होते हैं। यहां एसेट डेवलपमेंट और प्रोग्रामिंग डेवलपमेंट के अंतर्गत कई दूसरे डिपार्टमेंट भी होते हैं, जिनमें प्रोफेशनल्स अपनी सेवाएं देते हैं। इसी तरह वीडियो गेम के ऑपरेटिंग इंस्ट्रक्शन और कोर फीचर के निर्माण कार्य के लिए प्रोग्रामर या सॉफ्टवेयर डेवलपर के तौर पर कई एक्सपर्ट शामिल होते हैं।

### जॉब के अवसर






दुनिया के साथ-साथ भारत में भी वीडियो गेमिंग का प्रसार दिनो-दिन बढ़ रहा है। मोबाइल के अलावा, ऑनलाइन गेम्स भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। चूंकि भारत की आबादी में युवाओं का बहुत बड़ा हिस्सा है, सो इस संभावित बाजार को देखते हुए वीडियो गेम व सॉफ्टवेयर से जुड़ी बड़ी विदेशी कंपनियां यहां अपने बिजनेस का विस्तार कर रही हैं। इनमें जॉब के अच्छे अवसर हैं। जॉब के बजाय आप चाहें, तो फ्रीलांस भी कर सकते हैं। अनुभव हो जाने पर आपके पास खुद का बिजनेस शुरू करने का भी विकल्प खुला होता है। आप किसी संस्थान में गेम डिजाइन/ डेवलपमेंट के टीचर भी बन सकते हैं।



### जॉब प्रोफाइल्स

गेमिंग इंडस्ट्री में स्पेशलाइजेशन का बड़ा महत्व है। यहां हर काम के लिए अलग-अलग एक्सपर्ट होते हैं। एक ही वीडियो गेम के ऑनलाइन, कंसोल, एंड्रॉयड और आईओएस जैसे अलग-अलग प्लेटफॉर्म के लिए अलगअलग गेम वर्जन तैयार होते हैं, जिन्हें बनाने में दर्जनों लोगों की टीम लगती है। ऐसे लोगों के पास गेम प्लेटफॉर्म, गेम प्ले, प्रोग्रामिंग या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक में विशेषज्ञता होती है। वे एनवायर्नमेंट डेवलपर, लेवल डेवलपर, एसेट डेवलपर के तौर पर काम करते हैं। इस इंडस्ट्री की कुछ प्रमुख जॉब प्रोफाइल्स इस प्रकार हैः एनिमेटर, डिजिटल वीडियो साउंड एडिटर, ग्राफिक प्रोग्रामर, प्रोड्यूसर/ डायरेक्टर, टेक्निकल आर्टिस्ट/ 3डी आर्टिस्ट, गेमिंग टेस्टर आदि।

### सैलरी पैकेज

गेमिंग इंडस्ट्री में डेवलपर्स को आकर्षक सैलरी मिलती है। तीन से चार साल का अनुभव होने पर 40 से 80 हजार रुपए तक मासिक सैलरी आसानी से मिल जाती है। प्रोग्रामिंग के अनुभव और स्पेशलाइजेशन के आधार पर सैलरी कुछ वर्षों बाद लाख रुपए से भी ज्यादा हो सकती है। शुरूआत में ही वीडियो गेमिंग प्रोफेशनल्स को 20-25 हजार रुपए तक सैलरी आसानी से मिल जाती है।

### गेम डिजाइनिंग के कोर्स

- एडवांस डिप्लोमा इन गेम डिजाइन/ डेवलपमेंट
- एडवांस सर्टिफिकेट इन गेम आर्ट एंड इंटीग्रेशन
- सर्टिफिकेट कोर्स इन गेम डिजाइन
- डिप्लोमा इन एनिमेशन, गेमिंग एंड स्पेशल इफेक्ट्स
- बीएससी इन गेमिंग
- एमएससी इन गेमिंग
- पीजी डिप्लोमा इन गेम डिजाइन/ डेवलपमेंट
- प्रोफेशनल डिप्लोमा इन गेम प्रोग्रामिंग

### प्रमुख संस्थान

- ■ भारतीय विद्यापीठ यूनिवर्सिटी, डीआईटीएम, पुणे (महाराष्ट्र)
- ■ TGC एनिमेशन एंड मल्टीमीडिया, दिल्ली
- ■ यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज, देहरादून
- ■ एडिट वर्क्स स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन, नोएडा
- ■ महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ

# ज्वैलरी डिजाइनिंग का करियर चुने

**भारत गोल्ड का सबसे बडा उपभोक्ता है और यहां जेम्स एंड ज्वैलरी के लिए बेहतर सुविधाएं भी मौजूद हैं। एक तथ्य यह भी है कि जयपुर को विश्व के सबसे बडे जेम्स कटिंग सेंटर के रूप में जाना जाता है। हालांकि, जयपुर के साथ-साथ सूरत, मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद आदि शहरों में जेम्स एंड ज्वैलरी के विशाल एक्सपोर्ट हाउसेज मौजूद हैं। यही कारण है कि देश के कुल निर्यात में जेम्स एंड ज्वैलरी सेक्टर का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होने से आज भारतीय कारीगरों की बनाई ज्वैलरी को विदेशों में काफी पसंद किया जा रहा है।**

### समय ने बदली धारणा

वैश्वीकरण के इस दौर में युवतियों में जिस तरह फैशनेबल कपडों का क्रेज बढ रहा है। फैशन में हो रहे बदलावों ने ज्वैलरी का सारा आकर्षण तरह-तरह की डिजाइनों में केंद्रित कर दिया है। समय



की बयार के साथ समाज की यह पारंपरिक तस्वीर तेजी से बदल रही है।

### क्वालिफिकेशन

जेमोलॉजी कोर्स के अंतर्गत जेम्स की पहचान, उसकी रंगत, धातु की पहचान, ड्राइंग टेक्निक्स, डिजाइन मेथोडोलॉजी, कम्प्यूटर ऐडेड डिजाइन आदि पहलुओं का अध्ययन किया जाता है. जेमोलॉजी में डिग्री (तीन-वर्षीय), डिप्लोमा (दो-वर्षीय) और सर्टिफिकेट कोर्सेज (एक साल) के साथ-साथ ट्रेंड प्रोफेशनल्स के लिए कुछ स्पेशलाइज्ड कोर्सेज भी उपलब्ध हैं। इन स्पेशलाइज्ड कोर्सेज की अवधि छह माह से छह हफ्ते तक की हो सकती है।

### योग्यता

यदि आप जेम्स एंड ज्वैलरी डिजाइन के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको कोई खास शैक्षिक योग्यता नहीं जुटानी पडेगी। यदि आप बारहवीं पास या ग्रेजुएट भी हैं, तो आपके लिए इस सेक्टर में बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं। यदि आप बारहवीं पास हैं, तो डिग्री कोर्स में और यदि ग्रेजुएट हैं, तो डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स करने के बाद इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं। आपकी अंग्रेजी और कम्युनिकेशन स्किल्स बहुत अच्छी होनी चाहिए. यदि यह गुण आपमें हैं तो इससे बेहतर दूसरा क्षेत्र संभवतः आपके लिए बना नहीं है।

### करियर संभावनाएं

उदारीकरण के बाद भारत के इस उभरते सेक्टर को एक नया आयाम मिला है। दरअसल, जमोलॉजी के क्षेत्र में दबदबा रखने वाली दुनिया की बडी-बडी कंपनियां भारत में तेजी से अपनी शाखाएं खोल रही हैं। कहते हैं, जिस सेक्टर में जितनी तेजी से विकास होता है, उसे और विकसित करने के लिए ट्रेंड प्रोफेशनल्स की जरूरत अनिवार्य रूप से होती है। इस लिहाज से देखें, तो जेम्स एंड ज्वैलरी सेक्टर भी अछूता नहीं रहा है, जहां आज भारी संख्या में ट्रेंड प्रोफेशनल्स की जरूरत महसूस की जा रही है। जहां तक इस क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं की बात है, जेमोलॉजी का कोर्स कर लेने के बाद आपको प्राइवेट एक्सपोर्ट हाउसेज, ज्वैलरी डिजाइनिंग एंड कटिंग फर्म्स और इससे जुडी कंपनियों में काफी आकर्षक जॉब मिल सकते हैं। इसके अलावा, यदि आप अपना बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, तो संबंधित क्षेत्र में अनुभव और कौशल प्राप्त करने के बाद अपनी खुद की रिटेल, होलसेल या ज्वैलरी-शॉप्स खोल कर अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं।

### जॉब ऑप्शंस

- ज्वैलरी-डिजाइनर, प्रोडक्ट डेवलपमेंट ऑफिसर, मर्केंडाइजर, सेल्स एंड मार्केटिंग प्रोफेशनल, कंसल्टेंट, कैड-डिजाइनर] रिसर्चर

**मीडिया के करेंट ट्रेंड, नीड्स और अपॉर्च्युनिटीज को एनालाइज करने के लिए मीडिया मैनेजर्स को हायर किया जाता है। मीडिया मैनेजमेंट एक ग्रोइंग एरिया है और इसकी नॉलेज रखने वाले कैंडिडेट्स की डिमांड है। अगर आप भी मैनेजमेंट लेवल पर रिवॉर्डिंग करियर ढूंढ़ रहे हैं तो यह आपका ऑप्शन बन सकता है।**

# मीडिया में भी जरूरी है मैनेजमेंट, आप बनना चाहेंगे इसका हिस्सा?

वर्तमान समय में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसे मीडिया कंज्यूमर अवेयरनेस के लिए कवर न करती हो। मीडिया एक ब्रॉड टर्म है जिसमें रेडियो, टेलिविजन, फिल्म, मल्टीमीडिया, पब्लिक रिलेशन, ई-कॉमर्स सब कवर होता है। मीडिया मैनेजमेंट में कैंडिडेट्स की मीडिया ट्रेंड, अपॉर्च्युनिटीज, नीड्स को एनालाइज करने की स्किल्स डेवलप की जाती हैं। यह मैनेजमेंट की स्पेशलाइज्ड फील्ड है जिसकी डिमांड बढ़ रही है। अगर आप भी खुद को इस फील्ड का पार्ट बनाना चाहते हैं तो जानिए इस कोर्स से संबंधित जरूरी जानकारियां।

### कौन होते हैं मीडिया मैनेजर्स?

मीडिया मैनेजर को रेडियो, टेलिविजन से लेकर पब्लिक रिलेशन और म्यूजियम से लेकर डांस, थिएटर मीडिया की हर फील्ड की स्टडी करनी होती है। यह स्टडी इन इंडस्ट्री में चल रहे ट्रेंड्स, अपॉर्च्युनिटीज को एनालाइज करने के लिए की जाती है। मीडिया मैनेजर को मीडिया के स्ट्रक्चर की पूरी समझ होनी चाहिए कि इन सबका इम्पैक्ट ऑडियंस पर कैसे और कब पड़ेगा।

### मीडिया मैनेजर की वर्क प्रोफाइल क्या होती है?

मीडिया मैनेजर बिजनेस और ब्रांड को बिल्ड करने के लिए कैंपेन की मार्केटिंग और प्लानिंग स्ट्रैटेजीस को हैंडल करते हैं। वह हर मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे डिजिटल, प्रिंट, ब्रॉडकास्ट, सिनेमा, डायरेक्ट मार्केटिंग के जरिए कैंपेन को मैनेज करते हैं। मैनेजमेंट प्रिंसिपल्स और ऑर्गनाइजेशनल थ्योरी की हेल्प से वह अपने सप्लायर्स, कॉम्पिटीटर्स, इंप्लॉइज और कंज्यूमर्स को हैंडल करते हैं।

### मीडिया मैनेजेमेंट कोर्स करने की एलिजिबिलिटी क्या होती है?

यह कोर्स उन कैंडिडेट्स के लिए आइडियल हो सकता है जिनके पास मास कम्यूनिकेशन का बैकग्राउंड हो। वैसा यह कोर्स हर डिसिप्लिन के कैंडिडेट के लिए ओपेन होता है लेकिन कैंडिडेट का इस फील्ड में इंटरेस्ट होना जरूरी है।

### इस कोर्स को करने के बाद जॉब प्रॉस्पेक्ट्स कैसे होते हैं?

मीडिया मैनेजमेंट में ट्रेनिंग कंप्लीट करने के बाद कैंडिडेट्स टेलिविजन चैनल्स, रेडियो स्टेशन, न्यूजपेपर, पबलिशिंग कंपनीज, एंटरटेनमेंट कंपनीज, एडवरटाइजिंग फर्म्स, प्लानिंग ऑर्गनाइजेशन में काम कर सकते हैं। आजकल ट्विटर, फेसबुक जैसे मीडिया पोर्टल्स और सोशल मीडिया साइट्स में भी जॉब ओपनिंग अवेलेबल हैं।

### मीडिया मैनेजर का स्टार्टिंग सैलेरी पैकेज क्या हो सकता है?

मीडिया मैनेजर का सैलेरी पैकेज उनकी कंपनी और शहर पर डिपेंड करता है। वैसे इस फील्ड में स्टार्टिंग सैलेरी पैकेज 2.5 से 3 लाख पर ईयर तक हो सकता है।




# क्या आपको मीडिया में करियर बनाना है?



**अगर आपको चुनौतियों से हर रोज खेलने का शौक है, तो मीडिया का क्षेत्र आपके लिए है। आज जिस कदर मीडिया का विस्तार हो रहा है, ऐसे में यहां खूब अवसर हैं। हां, आपको यह जरूर ध्यान रखना होगा कि इस फील्ड में बाहर से जितना ग्लैमर दिखता है, भीतर उससे कहीं ज्यादा परिश्रम की जरूरत होती है। आइए जानते हैं मीडिया में करियर बनाने के बारे में कुछ प्रमुख बातें।**

### क्या हैं ऑप्शंस?

- ■ अखबार
- ■ न्यूज टीवी चैनल
- ■ न्यूज वेबसाइट
- ■ रेडियो
- ■ मैगजीन।

### कौन-कौन-सी भूमिकाएं?

- ■ रिपोर्टर
- ■ कॉपीराइटर
- ■ एंकर
- ■ बुलेटिन प्रोड्यूसर
- ■ कैमरामैन
- ■ लाइट्समैन
- ■ स्क्रिप्ट एडिटर
- ■ वीडियो एडिटर
- ■ ग्राफिक्स डिजाइनर
- ■ कॉर्टूनिस्ट।

### स्किल्स

- ■ बिना थके लगातार काम करने की क्षमता
- ■ ऑब्जर्वेशन तथा एनालिसिस पावर
- ■ पब्लिक रिलेशंस और कम्युनिकेशन स्किल
- ■ हर रोज सीखने की चाहत
- ■ टाइमिंग तथा एक्यूरेसी।

### एक्सपर्ट अनुभव

बारहवीं के बाद ही मैंने तय कर लिया था कि मुझे जर्नलिस्ट बनना है। शुरूआत में थोड़ी अलग राह पर जरूर गया। सिविल सर्विसेज की तैयारी करने लगा, लेकिन फिर गोल क्लियर था। भले ही मुझे आर्थिक जरूरतों के लिए ट्यूशन पढ़ाकर गुजारा करना पड़ा, लेकिन उसी वक्त मैंने चुनौतियों से लड़ना और उन्हें हराना सीखा। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन के बाद आईआईएमसी से जर्नलिज्म की पढ़ाई की और आज दूरदर्शन में बिजनेस एंकर हूं तथा सीनियर कॉरेस्पॉन्डेंट भी।

# बीकानेर में ओबीसी परिवारों की समस्याओं को दूर करने के लिए वार्डों में उतरेंगे कांग्रेस पदाधिकारी- उमा करल

## बीकानेर शहर जिला कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ की मासिक बैठक में आगामी कार्ययोजना तैयार

### घर-घर जाकर बनाएंगे ओबीसी परिवारों की सूची, सीधा संवाद होगा स्थापित

भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।

**सोहनलाल परिहार** । बीकानेर शहर जिला कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ की मासिक बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष उमा करल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी एक माह की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर पदाधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई।




**सक्रियता ही सफलता की कुंजी है:**

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष उमा करल ने कहा कि ओबीसी समुदाय वर्तमान में सबसे बड़ा वर्ग है और भारतीय राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल पद लेना पर्याप्त नहीं है, बल्कि जनता के बीच जाकर काम करना आवश्यक है। करल ने कहा, 'पद लेकर बैठने वालों से कार्य नहीं होता। अगर अपने क्षेत्र में सफल होना है, तो ईमानदारी और सक्रियता के साथ आम जन के हितों के लिए लड़ना होगा।'

**वार्ड स्तर पर होगी सीधी पहुंच:**

बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने प्रभार वाले वार्डों में सक्रिय होंगे और ओबीसी परिवारों की सूची तैयार करेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य परिवारों को आने वाली समस्याओं की पहचान करना और उनके समाधान में सक्रिय भागीदारी निभाना है, ताकि संगठन की पहुंच हर घर तक हो सके।

**अनुशासन और उपस्थिति पर जोर:**

ओबीसी संगठन महासचिव नवीन जांगिड़ ने बैठक का संचालन किया। उन्होंने अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की और आगामी कार्यक्रमों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया। जांगिड़ ने प्राप्त सुझावों के आधार पर आगामी माह का 'रोडमैप' भी साझा किया। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष संजय भाटी व कैलाश गहलोत, महासचिव रितेश शर्मा व धीरज चौधरी, तथा सचिव शराफत अली व अली राजा ने संगठन की मजबूती हेतु अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीकर में KOHLER के शोरूम का हुआ भव्य शुभारंभ

भीम प्रज्ञा न्यूज.सीकर।

शहर में विख्यात और लग्जरी बाथवेयर ब्रांड Kohler के नए शोरूम का भव्य शुभारंभ रविवार को हुआ। आधुनिक और प्रीमियम फिटिंग्स के लिए पहचाने जाने वाला Kohler अब स्थानीय ग्राहकों के लिए बेहतरीन बाथ टब, शॉवर्स और कलात्मक सैनिटरी वेयर की विशाल रेंज पेश कर रहा है। Kohler ब्रांड अपनी उत्कृष्टता, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय स्तर के डिज़ाइन के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। इस शोरूम में ग्राहकों को बाथ फिटिंग्स के अत्याधुनिक डिज़ाइन और स्मार्ट होम टेक्नोलॉजी से लैस प्रोडक्ट्स देखने को मिलेंगे, जो घर की सुंदरता में चार चाँद लगा देंगे। शुभारंभ समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, धोद विधायक गोरधन वर्मा, खण्डेला विधायक सुभाष मील, लक्ष्मणगढ़ के पूर्व विधायक के.डी. बाबर, सीकर के पूर्व विधायक रतन जलधारी, फतेहपुर के पूर्व विधायक नंद किशोर महरिया, दातारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गजानंद कुमावत, सीकर जिला भाजपा नेता जिलाध्यक्ष मनोज बाटड, पूर्व जिलाध्यक्ष कमल सीखवाल, महेश शर्मा एवं इंदिरा चौधरी व भाजपा व कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।



उद्योगपति घनश्याम शोभासरिया, रमेश गोयल, डॉ जी एल राठी, डॉ आर सी ढाका, प्रसिद्ध आर्किटेक्ट अजय गुप्ता, आर्किटेक्ट महेंद्र कुमावत, आर्किटेक्ट रवि पारीक, पन्नालाल सारडा, विनोद अग्रवाल, अनुभव जैन, तेज प्रकाश सैनी, प्रहलाद झुर्रिया, राधेश्याम मोर, सुनील मोर, जगदीश सोनी, राजेन्द्र शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, डॉ एन एम गोयल, एडवोकेट दामोदर माटोलिया, अमित चिरानिया, अर्जुन घासोलिया व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए।सभी आगंतुकों का भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मोदी ने आभार व्यक्त किया।

# काजड़ा में अंबेडकर भवन चारदीवारी का हुआ लोकार्पण

### ग्रामीणों ने सांसद ओला व विधायक काला का किया भव्य अभिनंदन

भीम प्रज्ञा न्यूज.सूरजगढ़।

पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत काजड़ा में गोगाजी मंदिर के पास वाल्मीकि मोहल्ले में नवनिर्मित अंबेडकर भवन चार दीवारी का लोकार्पण काजड़ा प्रशासक मंजू तंवर के नेतृत्व में झुंझुनूं सांसद विजेंद्र सिंह ओला व पिलानी विधायक पितराम सिंह काला द्वारा किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों द्वारा विधायक पितराम सिंह काला की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजेंद्र सिंह ओला का शॉल, साफा व पुष्पमाला पहनाकर ग्रामीणों द्वारा भव्य सम्मान किया गया। पूर्व प्रधान शेर सिंह नेहरा, पूर्व प्रधान निहाल सिंह रंणवा, चिड़ावा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट संजय सैनी, पिलानी ब्लॉक अध्यक्ष विनोद काजला, जीणी प्रशासक अमीलाल भड़िया, भगीना प्रशासक विनोद छिरुष, ग्राम पंचायत बडाऊ प्रशासक जितेंद्र सिंह चांवरिया, निवर्तमान जिला परिषद सदस्य सुनिता धतरवाल, पूर्व सरपंच जीणी नगेन्द्र कुमार, कैलाश किशन लोहरा प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस अखिल भारतीय सफाई मजदूर संगठन, शीशराम ओला जिला उपाध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ, सत्यवीर सिंह धतरवाल, चिड़ावा कांग्रेस ब्लॉक सचिव रणवीर सिंह पूनिया आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम में



पधारे हुए सभी अतिथियों का ग्रामीणों द्वारा शॉल व पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज ने प्रशासक मंजू तंवर का भव्य अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। प्रशासक मंजू तंवर ने अपने उद्बोधन में सभी का आभार व्यक्त करते हुए सांसद व विधायक से ग्राम काजड़ा की इंदिरा कॉलोनी, हीरामल मंदिर के पास और वार्ड नंबर एक में ट्यूबवेल की मांग की। इसके अलावा ग्राम काजड़ा में पांच हाई मास्ट लाइट लगवाने तथा अंबेडकर भवन में बड़े हॉल बनवाने की मांग करते हुए ग्राम पंचायत में कुछ अन्य विकास कार्य करवाने का अनुरोध किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने प्रशासक मंजू तंवर की बात को गंभीरता से लेते हुए अगले बजट में सभी विकास कार्य पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया। सांसद विजेंद्र सिंह ओला व विधायक पितराम सिंह काला ने सरपंच कार्यकाल में मंजू तंवर द्वारा किये गये विकास कार्यों की तारीफ करते हुए सरपंच को धन्यवाद दिया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता धर्मपाल गाँधी, मनजीत सिंह तंवर, भगत सिंह समिति लोहारू के फाउंडर जगदीश जायवाल, अनिल जांगिड़ निजी सचिव विधायक, अरविन्द बाडेटिया, पंच ऊषा देवी, महावीर प्रसाद सैनी, सत्यनारायण सिंगाठिया, कैलाश नागवान, सुमेर सिंह शेखावत, नानड़ राम कुल्हरी, लोकराम भड़िया, महिपाल सिंह काजला,गोवर्धन काजला, रामचंद्र काजला, हवासिंह बुडानिया, दिलीप सिंह बुडानिया, खेमचंद भड़िया, रोहिताश बुडानिया, मातुराम जांगिड़, चंद्रवीर बुडानिया, शिक्षाविद् जगदीश प्रसाद सैन, सुभाष मेघवाल, सुनील राजोरिया, भगवती प्रसाद चंदेलिया, सज्जन चंदेलिया, गनमैन मुकेश कुमार,नरेश चंदेलिया, प्रकाश मेघवाल, धीर सिंह नायक, विनोद सोनी, विकास मारवाल, कपिल गुर्जर, राय सिंह शेखावत, प्रताप सिंह तंवर, होशियार सिंह सिंगाठिया, महेश धींवा, अनिल जांगिड़, धर्मेंद्र सिंह शेखावत, अशोक कुमावत, मुकेश कुमार गुरावड़िया, मनोज सैन, दरिया सिंह डीके, महेंद्र धतरवाल, मालाराम धतरवाल, महेंद्र ठेकेदार, विजय सिंह पीटीआई, अनिल कलावटिया, ओमप्रकाश भड़िया, रामप्रताप जांगिड़, ओम कैलाश जांगिड़, शंभू स्वामी, मोहनलाल छिरुष, वीरेंद्र छिरुष, महेंद्र बाडेटिया, करण सिंह सागवान, मंगलानंद, भवानी सिंह, योगेश, बंटी चंदेलिया, अनिल चंदेलिया, विद्याधर दूधवाल, धर्मवीर भड़िया, रत्नेश भारती, चतरू लोहार, जगदीश मेघवाल, बुगलेश, शीशराम, अनिल स्वामी, घीसाराम पंवार, जगदीश चांवरिया, गोपाल, जितेंद्र सिंह चंदेलिया, एडवोकेट अमित, सत्यवान पंवार सहित काफी संख्या में मातृ शक्ति एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मनजीत सिंह तंवर ने किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रशासक मंजू तंवर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व रामनारायण चौधरी की मनाई जयंती



भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा** । राज्य के पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व रामनारायण चौधरी की आज पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष सजन मिश्रा के आतिथ्य में पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी श्रद्धापूर्वक जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका चौक में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मिश्रा सहित पूर्व पालिकाध्यक्ष नरेश सोनी सहित अन्य वक्ताओं ने पूर्व प्रदेशाध्यक्ष किसान नेता रामनारायण चौधरी के सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चौधरी हमेशा क्षेत्र के विकास में अग्रसर रहे। इस अवसर पर सज्जनलाल मिश्रा , नरेश सोनी , नन्दकिशोर यादव, शशिकांत सैनी,नवाब खत्री , पीताम्बर मिश्रा,इन्द्रचंद शर्मा, कमलेश मिश्रा,सुनील जोशी, रविकांत सेन,बालकिशन शर्मा, मनीष सैनी, मनोज परासर, विनोद लुहारूवाला, अशोक शर्मा, छोटेलाल सैनी, जाकिर रँगरेज, नवनी शर्मा, आलम अली, रोशन धोबी, रमाकांत शर्मा, बाबुलाल शर्मा,दिनेश काला , देवीदत्त मिल, परमेश्वर चेजारा, सुनील सोनी, रविकांत मारवाल, सुरेश पाडलीवाला , दिनेश सेन, महेश टेलर, दिनेश मिश्रा, मनोज सोनी सहित अनेक पार्टी की कार्यकर्ता ओर विचारधारा से जुड़े गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## पिलानी के लीखवा में सांसद बृजेंद्र ओला और विधायक काला का अभिनंदन

# बीजेपी पर बरसे कांग्रेस नेता, कहा पर्ची सरकार के नेता फीता काटने के लिए जेब में कैंची लेकर घूम रहे

भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।

पिलानी के लीखवा गांव में रविवार को झुंझुनूं सांसद बृजेंद्र सिंह ओला व पिलानी विधायक पितराम सिंह काला का नागरिक अभिनंदन किया गया। लीखवा की अलीपुरियों की ढाणी में आयोजित समारोह में ग्रामीणों ने दोनों नेताओं को साफा पहना कर शॉल ओढ़ाई और श्रीफल भेंट किया। कार्यक्रम से पहले कार्यकर्ता सांसद ओला व विधायक काला को डुलानिया से लीखवा तक 8 किलोमीटर तक डीजे व बाइक रैली के साथ लेकर आए। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकारों पर जम कर कटाक्ष किये। सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने कहा कि 2012 में उनके मंत्री रहते ही जिले को इंदिरा गांधी नहर परियोजना से पेयजल उपलब्ध करवाने की योजना को स्वीकृति दे दी गई थी। इस योजना के तहत 2050 तक जिले की जनता को पेयजल की आपूर्ति की जानी थी। लेकिन अब उस योजना पर काम करने की बजाय यहां के बीजेपी नेताओं में श्रेय लेने



की होड़ चल रही है। विधायक काला ने विधानसभा में सरकार और प्रतिपक्ष के बीच 2 साल बनाम 5 साल के मुद्दे पर हंगामे को लेकर कहा कि राज्य की पर्ची सरकार हर मोर्चे पर विफल है। विधायक काला ने कहा कि क्षेत्र में सड़कों जैसे अन्य विकास कार्य उनकी अनुशंसा से स्वीकृत होकर पूर्ण हुए हैं, लेकिन कुछ लोग इन कार्यों का श्रेय लेने के लिए केवल फीता काटने पहुंच रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कुछ नेता 'जेब में कैंची लेकर घूम रहे हैं' और दूसरों के कराए कार्यों को अपना बताने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रामवासियों ने आगे भी कई विकास कार्यों को लेकर सांसद ओर विधायक को ज्ञापन सौंपा। मंच संचालन श्री कृष्ण गौशाला अध्यक्ष कैलाश व्यास लीखवा ने किया। अभिनन्दन समारोह में सत्यवीर सुनीता धतरवाल जिला परिषद सदस्य, निहाल सिंह रणवा पूर्व प्रधान, शेर सिंह नेहरा पूर्व प्रधान, रोहिताश रणवा, डॉ हरि सिंह सांखला, सुभाष भांभू, सज्जन अग्रवाल, धर्मपाल, मंदरूप बनगोठड़ी, शीशराम महला, विनोद काजला, संतकुमार भांभू, नाहर सिंह भांभू, हनुमान बुडानिया, रामनिवास, बच्चन सिंह शेखावत, सुरेश सैन, साधुराम, सेडूराम, जयनारायण, प्यारेलाल भांभू, अविनाश बुडानिया, महिपाल भांभू, डॉ संदीप भांभू, सुरेश भांभू, मोहर सिंह भांभू, मोहन सिंह शेखावत, ओमप्रकाश नारनोलिया, अनिल जांगिड़ पिलानी धर्मपाल स्वामी, ललित सैन, विकास भांभू, अशोक भांभू सहित अन्य ग्रामीण व प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# एकादशी जुलूस,फागोत्सव व धुलंडी जुलूस को लेकर बैठक, कार्यकर्ताओं को सौंपी अलग-अलग जिम्मेदारी

### आयोजित कार्यक्रमो में किसी प्रकार के हथियार,डंडे, अश्लीलता , पक्के कलर युक्त पानी पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा** । श्री सर्वहिशेषी व्यामशाला के तत्वाधान में बसंत पंचमी आरंभ हुए 40 दिवसीय कार्यक्रमों के तहत आयोजित होने वाले प्रस्तावित कार्यक्रमों को लेकर समिति की बैठक संस्था के पीताम्बर मिश्रा, बालकिशन भाटीवाडा की उपस्थिति में नगर के प्रबुद्ध लोगों की रविवार को अखाड़ा परिसर में स्थित हनुमान मंदिर परिसर में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्व हितैषी व्यायाम शाला द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमो में एकादशी जुलूस,फागोत्सव व धुलंडी जुलूस को लेकर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में शामिल होने वाली चंग मंडलियों ओर कार्यक्रमों को सुचारू रूप से करवाने को लेकर लोगों ने अपने सुझावो से अवगत करवा गया। संस्था के पीतांबर मिश्रा ने बताया कि



समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रमो में किसी प्रकार के हथियार,डंडे, अश्लीलता , पक्के कलर युक्त पानी पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। इस अवसर पर सर्व हितैषी व्यायाम शाला अध्यक्ष सुरेश पालड़ी वाला, सचिव पीतांबर मिश्रा, उपाध्यक्ष बालकिशन भाटीवाडा, पालिकाध्यक्ष नरेश कुमार सोनी, परमेश्वर चेजारा, प्रफुल्ल भादुपोता, भामाशाह,रामस्वरूप देवड़ा,दयाराम भाटीवाड़ा,नरोतम चेजारा, पंकज पशुपति शर्मा, मधु स्वामी, विनोद चोपदार, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, विष्णु दत्त जोशी, नरेश मिश्रा, सुनील जोशी, कैलाश पीपलवा, आशीष कालोया, संदीप शर्मा, राजेंद्र सनोदिया, सजन शर्मा दिनवावाले, पूर्व पार्षद हरीराम चंदू सेन,चेजारा, गोविंद जोशी, संजय परिहार, सत्यनारायण इंदौरिया, परमेश्वर चेजारा, हरीराम चेजारा, रामस्वरूप जोशी, अरविंद भूकान,रविन्द्र शर्मा, राजकुमार निर्वाण, बीलू सोनी ,तोला राम, पंकज पालड़ीवाला, गौरव शर्मा, भरत भातीवाड़ा, हिमांशु भाटीवाड़ा , कैलाश सैनी,राजेश कुमार, सहित कस्बे की विभिन्न ढप मंडलियों के मुखिया उपस्थित थे।

# वीर झुंझा की प्रतिमा स्थापना दिवस एवं सर्वसमाज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित : कार्यक्रम में दिखी कॉमी एकता और सद्भावना की झलक

भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।

संस्थापक वीर झुंझार सिंह का 18वा प्रतिमा स्थापना रविवार को जिला मुख्यालय पर स्थित वीर झुंझा स्मृति स्थल पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। संस्था सचिव सुरेश जाखड़ ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि झुंझुनू विधायक राजेंद्र भांबू रहे वहीं अध्यक्षता राजस्थान मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष एम डी चौबदार ने की, विशेष मेहमान के तौर पर भारतीय यू - 19 एवं डब्ल्यूपीआई खेलने वाली राजस्थान की प्रथम महिला क्रिकेटर हैप्पी खीचड़ रही, बतौर विशिष्ट अतिथि उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज मील, शिक्षाविद समाजसेवी सुधीर तेवतिया, दिनेश सूंडा, ताराचंद गुप्ता और संस्था संरक्षक बजरंग नेहरा रहे। सर्वप्रथम अतिथिगण द्वारा वीर झुंझा एवं मां भारती के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया डीवी शास्त्री द्वारा आर्य समाज विधि से मंत्रोच्चारण कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकृषण सर्वसमाज की प्रतिभाओं के सम्मान एवं कौमी एकता रहा। अपने मुख्य वक्तव्य में विधायक






राजेंद्र भांबू ने कहा कि झुंझा जैसे महापुरुषों की बदौलत ही आज झुंझुनू की संपूर्ण विश्व में हर क्षेत्र में अलग पहचान है जो आज हमें गर्व की अनुभूति प्रदान करता है उन्होंने कहा कि आज विकसित भारत के लिए भी भविष्य में बड़ा योगदान अपने जिले का होगा। एमडी चौबदार ने इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम को एकता और सद्भावना के लिए विशेष बताते हुए ऐतिहासिक बताया उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर जिले के विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्ध होंगे। उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष मनोज मील ने समाज को न्याय तथा महापुरुषों के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान करते हुए अजेय महायोद्धा महाराजा सूरजमल एवं दीनबंधु सर छोटूराम के स्वर्णिम इतिहास पर प्रकाश डाला। सर्व समाज प्रतिभा सम्मान समारोह में यूपीएससी के 7 आरपीएससी की 12 यूजीसी की 4, प्रगतिशील नवाचार पशुपालक 3, लेखक साहित्यकार 9, रक्षा क्षेत्र में 7, राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में 8 सामाजिक सरोकारों में 16 और 9 पर्वतारोही सहित 75 प्रतिभाओ को सम्मान विभूषित किया गया। साथ ही डॉ सलाउद्दीन चौबदार फाउंडेशन द्वारा संस्थान परिसर के भवन में 5 लाख नवनिर्मित लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। 1 लाख रुपए का सहयोग देने वाले राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता विद्याधर जाखड़ एवं शिव टेंट हाउस के रामपाल भेडा को भी सम्मानित किया गया। अंत में संस्था अध्यक्ष डॉ महेंद्र नेहरा ने आभार व्यक्त किया। डॉ पितराम गोदारा ने अन्न बचाओ की शपथ दिलाई। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ हनुमान प्रसाद, हरीराम महन, महेंद्र चौधरी, डॉ मुकेश एस मुंड, महेश नेहरा, सीकर से रामचंद्र नेहरा, नेमाराम नागौर, बनवारी लाल, अमित नेहरा दिल्ली एनसीआर, चुरु रतनगढ़ से मुकुन्दराम नेहरा, प्रिंस स्कूल के चैयरमैन गुलज़ारी लाल कालेर, शिवकरण जानू, निरंजन जानू, विजय गोपाल मोटसरा, राजन चौधरी, कर्नल ओमप्रकाश नेहरा, कप्तान रामसिंह, अमरसिंह, धर्मेंद्र पिलानी, बनवारी जाखड़, सुरेश कसवां, सहीराम बलौदा, मनु भाई टीम गुजरात, लादूराम नेहरा कुरड़ाराम नेहरा किठाना और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नेशनल यूथ आइकॉन वकील विजयहिन्द जालिमपुरा एवं सत्यवीर झाझडिया ने किया।

# महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मणगढ़ में कंप्यूटर कक्ष का हुआ लोकार्पण समारोह आयोजित

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।



राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मनगढ में रविवार को छात्रावास अध्यक्ष अनिल कुमार बागड़ी ने कंप्यूटर कक्ष का विधिवत लोकार्पण किया। आयोजित गरिमामय एवं संक्षिप्त समारोह में अनिल कुमार बागड़ी, सज्जन कुमार सैनी, महेंद्र कुमार माली,झाबरमल माली,नथमल मावलियों की ढाणी, राकेश कुमार गौड़, मनोज कुमार राकसिया, एडवोकेट सत्यनारायण सैनी, मनोज कुमार धाभाईयों की ढाणी,विनोद कुमार गौड़,दीपक कटारिया, मुकेश कुमार बागड़ी, पुरूषोत्तम गौड़, महावीर जाजम बाबूलाल सैनी, संदीप कुमार, युवराज , अनिल हेतमसर सहित छात्रावास के पदाधिकारी सदस्य एवं विधार्थी मौजूद थे। समिति के महामंत्री महेंद्र कुमार माली ने बताया कि समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार बागड़ी ने छात्रावास के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद कंप्यूटर कक्ष के अभाव को महसूस किया तथा छात्रावास के विधार्थियों व लाइब्रेरी में अध्ययन करने वाले विधार्थियों के लिए महत्ती आवश्यकता बताते हुए कंम्पयूटर कक्ष तैयार करने का निर्देश देते अपनी ओर से एक कंप्यूटर व प्रिंटर देने का ऐलान किया तथा तत्काल प्रभाव से एक कंप्यूटर व प्रिंटर खरीद छात्रावास को भेंट किया जिसका लोकार्पण रविवार को विधिवत फिता काटकर किया।

# रेल दोहरीकरण की आड़ में गांवों की राह सील, सरसों खलिहान में सिसकती–फाटक-81 बंद, हादसे की दहलीज पर ग्रामीण

## लाइन दोहरीकरण के नाम पर महीनों से फाटक संख्याँ-81 बंद, कई गांवों की आवाजाही ठप

### वैकल्पिक मार्ग नहीं, सुरक्षा इंतजाम शून्य–लापरवाही से जान-माल पर सीधा खतरा।



भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।

**मनोज खंडेलवाल ।** मंडावर-महवा रोड स्थित रेलवे स्टेशन के अधीन अधिकृत रेल फाटक संख्या-81 का लंबे समय से लगातार बंद रहना अब गांवों की दिनचर्या पर भारी पड़ने लगा है। ग्राम पंचायत रींदली के तांता का बास में स्थित यह फाटक रेलवे लाइन दोहरीकरण के नाम पर पिछले महीनो से बिना किसी स्पष्ट विभागीय आदेश के बंद रखा गया है, जिससे तांता का बास, रींदली, बनावड़, एदलपुर, नांगल मेव, गढ़ हिम्मतसिंह और भंडपुरा गांवों की सीधी आवाजाही ठप हो गई है। इसी रास्ते से जुड़े खेतों तक न ट्रैक्टर-ट्रॉली पहुंच पा रही है, न कृषि यंत्र और न ही दुपहिया वाहन, नतीजतन किसान सिर पर बोझ ढोकर चारा ले जाने को मजबूर हैं और कई बार मजबूरी में बैरियर के नीचे से निकलकर या रेल पटरियों को पार कर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। रविवार को ग्रामीणों ने स्थानीय रेलवे प्रशासन के प्रति आक्रोश जताते हुए कहा कि लाइन दोहरीकरण के दौरान अस्थायी प्रबंधन, वैकल्पिक रास्ता या तय समय पर आवागमन की व्यवस्था करना रेलवे और ठेकेदार की जिम्मेदारी है, लेकिन मौके पर न कोई डायवर्जन बनाया गया, न चेतावनी संकेतक लगे और न सुरक्षा इंतजाम किए गए, जिससे स्कूली बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और राहगीर रोज हादसे की दहलीज पर कदम रखने को मजबूर हैं। ग्रामीणों की पीड़ा यह भी है कि इस समय सरसों की फसल खलिहानों में कटी पड़ी है, खेतों तक वाहन न पहुंच पाने से उपज घर नहीं लाई जा पा रही, आवारा पशु नुकसान पहुंचा रहे हैं और मौसम बिगड़ने का खतरा अलग से सता रहा है, वहीं पालतू पशुओं के लिए चारा समय पर न पहुंच पाने से पशुधन बीमार पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मौके पर कार्यरत ठेकेदार के कार्मिकों और उपस्थित रेलवे कर्मियों से लंबे समय से बंद इस फाटक के संबंध में बार-बार लिखित आदेश दिखाने की मांग की गई, लेकिन हर बार लाइन दोहरीकरण का हवाला देकर टाल दिया गया। जबकि अधिकृत फाटक को लंबे समय तक अवरुद्ध रखने के लिए विधिवत आदेश, सुरक्षा ऑडिट और वैकल्पिक व्यवस्था अनिवार्य होती है। कानूनन रेलवे प्रशासन का दायित्व है कि निर्माण कार्य के दौरान जनसुरक्षा, निर्बाध कृषि आवागमन और आपात सेवाओं की राह सुनिश्चित करे, पर यहां न तो वैकल्पिक मार्ग दिया गया और न ही नियंत्रित समय-सारिणी बनाकर फाटक खोला जा रहा है, जिससे ग्रामीण मजबूरी में रेल ट्रैक पार करने को विवश हैं और किसी भी क्षण बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने चेताया कि यदि इस अवैध अवरोध के कारण जान-माल की हानि होती है तो उसकी नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार, पर्यवेक्षण कर रहे रेलवे अधिकारी और स्थानीय स्टेशन प्रबंधन पर तय होनी चाहिए, क्योंकि बार-बार शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों की मांग है कि फाटक-81 को तत्काल नियंत्रित समय पर खोला जाए या समुचित डायवर्जन बनाकर कृषि वाहनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित की जाए, सुरक्षा कर्मी तैनात किए जाएं, चेतावनी संकेतक लगाए जाएं और लिखित आदेश सार्वजनिक किए जाएं, ताकि रेल दोहरीकरण का काम भी चलता रहे और गांवों की जिंदगी ठप न पड़े।

#### इनका कहना है–??

'इस संबंध में हमने आवश्यक कार्यवाही कर दी है। संबंधित पक्षों को अवगत कराया जा चुका है। अधिक जानकारी के लिए स्टेशन मास्टर से समन्वय करें।'

**रामचंद्र वर्मा, एक्सईएन (कंस्ट्रक्शन), रेलवे**

'रेल लाईन दोहरीकरण कार्य को लेकर कंस्ट्रक्शन एजेंसी की ओर से फाटक संख्या-81 को 'फिट फॉर रोड ट्रैफिक' घोषित करते हुए अभी तक कोई लिखित प्रमाण हमें प्राप्त नहीं हुआ है। बिना सक्षम प्राधिकारी की औपचारिक लिखित सुपुर्दगी के किसी भी हालत में फाटक को आम आवागमन के लिए चालू करना नियमसम्मत नहीं है। जैसे ही कंस्ट्रक्शन विभाग से विधिवत लिखित अनुमति एवं हैंडओवर प्राप्त होगा, उसी क्षण नियमानुसार आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर फाटक संचालन में लाया जाएगा।'

**बी.एस. मीना, स्टेशन मास्टर, मंडावर-महवा रोड रेलवे स्टेशन**

# टोड़ी में आदिवासी मीणा सेवा संस्थान की बैठक आयोजित

## मीणा छात्रावास में गुणात्मक पूर्वक कार्य करवाने का लिया प्रस्ताव



भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।

**सुमेर मीणा ।** निकटवर्ती टोड़ी में श्री बन्ना राम मीणा स्मृति आदिवासी मीणा सेवा संस्थान की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को मीणा छात्रावास टोड़ी में आयोजित हुई। मीणा समाज की बैठक संस्थान के अध्यक्ष रामचंद्र मीणा शीतल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। संस्थान के सचिव रतन मीणा जोधपुरा ने मीणा छात्रावास में गुणात्मक पूर्वक कार्य करने का प्रस्ताव लिया तथा छात्रावास में निर्मित कमरो, बरामदा, बाथरूम, टॉयलेट आदि की शीघ्र ही मेंटेनेंस करवाने का निर्णय लिया गया। साथ ही छात्रावास में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए टेबल, कुर्सी की आवश्यकता को भी सुनिश्चित किया गया। इस दौरान रामचंद्र मीणा शीतल ,रतन मीणा जोधपुरा , होशियार मीणा बामलास, धर्मपाल मीना शीतल, जगदीश मीना टोडी, सुमेर मीणा उदयपुरवाटी ,रोहतास मीना भोड़की सहित आदि थे।

# मंडावा में फाल्गुनी रंगों की बयार: 125 साल पुरानी धुलंडी परंपरा में झूमे देशी-विदेशी पर्यटक

### ढप की थाप बांसुरी की धून और फाल्गुनी गीतो पर जमकर थिरके विदेशी पर्यटक



भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** शेखावाटी अंचल का कस्बा मंडावा होली के नजदीक आते ही होली के रंगो में रंगने लगा है। पर्यटन क्षेत्र में विशिष्ट पहचान के साथ साथ यहां पर विभिन्न त्यौहारों को मनाने की एक अलग ही पहचान है। यहां की धुलंडी मनाने की परंपरा विश्व स्तर पर पहचान रखती हैं। सर्व हितैषी व्यायाम शाला मे धर्म ध्वज स्थापना के साथ ही यहां 40 दिवसीय कार्यक्रमो का आगाज हो जाता है। यह परंपरागत विगत 125 वर्षों से अधिक समय से चली आ रही है। चारो तरफ फाल्गुनी गीतो की बहार ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमो का सिलसिला जारी है। कार्यक्रमो के इस दौर में स्थानीय लोगो के साथ दूरदराज रहने वाले शेखावाटी की धरा से जूड़े प्रवासी बंधुजन ओर विदेशी पर्यटक जमकर राजस्थानी लोक परंपराओं के तहत होने वाले फाल्गुनी कार्यक्रमों का आनंद उठा रहे है। कार्यक्रमों में स्थानीय लोगों के साथ फ्रांस पुर्तगाल से आए विदेशी सैलानी कैरियन, क्रिस्टोफ ने कार्यक्रमों में शामिल हो कर भारतीय संस्कृति ओर राजस्थानी लोक परम्पराओं से रूबरू होकर फाल्गुनी गीतों में शिरकत करते हुए जमकर ठुमके लगाकर कार्यक्रमों का लुफ्त उठाया। उन्होंने बताया कि इसे कार्यक्रमों उनके देशों में नहीं होते हैं। यहां की संस्कृति ओर परंपरा बहुत अच्छी है। कार्यक्रमों के इस दौर में मुख्य बाजार में फतेहपुर स्टैंड पर चेस क्लब कार्यालय में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। होली से पुर्व आयोजित होने वाले सांस्कृतिक ओर फाल्गुली कार्यक्रम में ढप मंडलियों द्वारा एक से बढ़कर एक लोक गीतो की प्रस्तुतिया देकर प्रवासी ओर विदेशी लोगो को झुमने को विवश कर दिया। इस अवसर पर केशरदेव टेलर, गोपाल सिंह चौहान,नरेंद्र कुमार नरेड़ा, तोलाराम सोनी, राकेश सैनी, पवन कुमार सोनी सहित अनेक कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी।

# अग्रवाल महिला सम्मेलन का फागोत्सव 2026 पंचायती धर्मशाला में श्रद्धा और उल्लास के मनाया गया

## फागुनी रंग में डूबा मंडावर, फूलों की होली संग गूंजे श्याम के भजन



भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।

**मनोज खंडेलवाल ।** अस्पताल रोड स्थित एसबीआई बैंक के पास पंचायती धर्मशाला में रविवार को अग्रवाल महिला सम्मेलन के तत्वावधान में आयोजित फागोत्सव 2026 महोत्सव ने पूरे परिसर को फागुनी बयार और भक्ति के रंगों से सराबोर कर दिया। गणेश वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुभारंभ हुए इस आयोजन में महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। श्याम भजनों और फाग के गीतों की मधुर धुनों पर महिलाएं देर तक थिरकती रहीं, वहीं फूलों की होली ने प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता का सजीव संदेश दिया। आयोजन की गरिमा, अनुशासन और व्यवस्थागत सुचारुता ने कार्यक्रम को मर्यादित, सुरक्षित और सामूहिक सहभागिता का उदाहरण बनाया, जिससे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों की सामाजिक उपयोगिता और सौहार्दपूर्ण परंपरा सुदृढ़ होती दिखी। अग्रवाल सम्मेलन के प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंदूकी ने बताया कि कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अध्यक्षा सुनीता सिंघल, महामंत्री हेमा सिंघल और कार्यकारिणी सदस्यों ने भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डीजे पर गूंजते श्याम भजनों और फागुनी गीतों के बीच महिलाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया और एक-दूसरे पर पुष्पवर्षा कर स्नेह और सद्भाव का संदेश दिया। समापन पर प्रसाद वितरण के साथ आयोजन ने अनुशासित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूर्णता पाई, जिससे समाज में सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जुड़ाव और सामूहिक सहभागिता का भाव मजबूत हुआ। कार्यक्रम में संगठन की सक्रिय सदस्य कल्पना गर्ग, रेखा गोयल, ममता गोयल, नीरू बंसल, शैली अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, बबीता बंसल, अर्चना गोयल, मिथिलेश गर्ग, बबीता गर्ग और शशि गोयल सहित समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# अरावली संरक्षण यात्रा हुकमपुरा धरना स्थल पहुँची

### हुकमपुरा में अवैध खनन के खिलाफ 57 दिन से बैठे है लोग



भीम प्रज्ञा न्यूज.गुढागौड़जी।

**सुमेर मीणा ।** अरावली विरासत जन अभियान के बैनर तले अरावली संरक्षण यात्रा 57 दिन से अवैध खनन के खिलाफ चल रहे धरना स्थल पर पहुंची। इस दौरान धरना स्थल पर जबरदस्त नारेबाजी की गई व डफ,चंग बजाकर पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। गुजरात से चलकर करीब 700 किमी के सफर के दौरान अरावली प्रभावित जिलों में भ्रमण करने वाली टीम के लोगों ने हुकमपुरा, बामलास व गुढ़ा बावनी में चल रहे खनन और क्रेशर इलाके को देखा। उन्होंने एडवोकेट जयन्त मूण्ड के नेतृत्व में हैवी ब्लास्टिंग से टूटे मकानों एवं ध्वस्त ट्यूबवेलो का भी जायजा लिया। मरुसेना के एडवोकेट जयन्त मूण्ड ने बताया कि हम पिछले 57 दिन से कंपकपाती सर्दी एवं मावट में धरने पर बैठे है। हमारे यहां आवंटित लीज नियमानुसार संचालित नही है और हैवी ब्लास्टिंग की वजह से 200 से ज्यादा घर एवं 40 से ज्यादा कुवें ध्वस्त हो गए तथा साथ ही पर्यावरण दूषित हो गया है। हमने इसको लेकर हर प्रशासनिक स्तर पर बात रखी एवं पत्राचार किया लेकिन कोई भी ठोस कार्यवाही इनके विरुद्ध नही हुई। हम हमारे पहाड़, नदी-नाले, प्रकृति व अरावली के बाशिंदों के न्याय के लिए लड़ रहे है। अरावली बचाने के लिए हम माफियाओं के विरुद्ध अंतिम सांस तक लड़ेंगे। इस मौके पर कैलाश मीणा नीमकाथाना, नीलम अहलुवालिया, रामलाल भट्ट, अशोक चौधरी, कुसुम रावत, दारासिंह मेघवंशी,लीलाधर मीणा,कैप्टन विनोद सिंह,राजबाला सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# एक जाजम पर बैठा हिन्दू समाज तो बदलेगा भविष्य, विराट सम्मेलन से एकता का आह्वान

## आरएसएस शताब्दी वर्ष पर महवा में संतों का सानिध्य, कलश यात्रा से गूंजा शहर




भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।

**मनोज खंडेलवाल ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में केशव बस्ती महवा की ओर से किले स्थित आदर्श विद्या मंदिर में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन संतों के सानिध्य में हुआ, जहां समाज में व्याप्त ऊँच-नीच और जाति-पांति के भेद मिटाकर एक जाजम पर बैठने का संकल्प दोहराया गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता नरेश कुमार ने कहा कि हिन्दू समाज को संगठित होकर अपनी शक्ति की पहचान करनी होगी, तभी सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सामाजिक विभाजन कानून सम्मत समानता, सामाजिक समरसता और संवैधानिक मूल्यों के विपरीत है, इसलिए समाज को एक सूत्र में पिरोकर चरित्रवान पीढ़ी का निर्माण समय की मांग है। कार्यक्रम से पूर्व महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली, जो पंचायत समिति से प्रारंभ होकर माली मौहल्ला, भरतपुर रोड और मुख्य बाजार से गुजरते हुए आदर्श विद्या मंदिर पहुंची। मार्ग में नगर के सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और जलपान की व्यवस्था कर श्रद्धालुओं का सत्कार किया। इसके बाद आयोजित सम्मेलन में अखिल भारतीय पंच दिगम्बर अखाड़ा के संत हरिदास महाराज और दिगम्बर अखाड़ा के सभापति बालकदास महाराज का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। संतों ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने, संस्कारवान और चरित्रवान व्यक्तित्व के निर्माण तथा सामाजिक एकता को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि समय की चुनौती का सामना संगठित समाज ही कर सकता है। सम्मेलन में वक्ताओं ने सामाजिक समरसता को विकास की बुनियाद बताते हुए कहा कि जब समाज एकजुट होता है तो शिक्षा, संस्कार और सेवा के प्रयास स्थायी परिणाम देते हैं। आयोजन में नरेंद्र गौड, योगेंद्र भारद्वाज, गौरव सोनी, खेमचंद किवाड़िया, नीतीश सिंह, शिवराम गुर्जर, अनिल गुर्जर, कपिल कौशल, राज शर्मा, भावेश सिंह, संजू चिक्का, दीपक चिक्का, गौसेवक गोलू सैनी, गौपुत्र अवधेश अवस्थी सहित केशव बस्ती के सैकड़ों गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# शिक्षा-स्वास्थ्य के निजीकरण के विरोध में नारनोल में कन्वेंशन, 2 मार्च को धरना-प्रदर्शन का ऐलान




भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनोल।

राष्ट्रीय बौद्ध महासभा व सावित्रीबाई फुले ज्योतिबा फुले फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मालवीय नगर स्थित अंबेडकर भवन में शिक्षा, रोजगार व स्वास्थ्य के निजीकरण के खिलाफ जनवादी, धर्मनिरपेक्ष और वैज्ञानिक शिक्षा लागू कराने की मांग को लेकर कन्वेंशन आयोजित किया गया। कन्वेंशन का संचालन कामरेड सुभाष चंद एडवोकेट ने किया, जबकि अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता कामरेड दलीप सिंह एडवोकेट ने की। वक्ताओं ने अपने संबोधन में आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार पूर्ववर्ती सरकारों की तरह शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। बजट के अभाव में लाखों विद्यालय बंद हो रहे हैं तथा अध्यापकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाकर कमजोर वर्गों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि कई स्थानों पर भवन हैं तो शिक्षक नहीं, और जहां शिक्षक हैं वहां भवन नहीं हैं। बच्चों को बिना छत के नीचे पढ़ने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने वैज्ञानिक एवं तर्कसंगत शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि गैर-वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति से अंधविश्वास और अज्ञानता को बढ़ावा मिलेगा। समाज के महापुरुषों के विचारों का उल्लेख करते हुए शिक्षा को सभी के लिए निशुल्क और समान रूप से उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई। कन्वेंशन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि 2 मार्च 2026 को बाबा साहब अंबेडकर मूर्ति महेंद्रगढ़ रोड पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित कर राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। उपस्थित श्रोताओं ने आंदोलन को समर्थन देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के महासचिव कृष्ण कुमार, रमेश कुमार गुरावडिया, विरदी चंद गोठवाल, ओमप्रकाश दायमा, सरजीत नंबरदार, जिले सिंह, संजीव आजाद, पूनम सिंह बौद्ध, जयनारायण मैनेजर, राजपाल गोरा, प्रकाश सिंह डालनवास, आशीष, अनिरुद्ध रेडी (सेंट्रल यूनिवर्सिटी पाली) सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के प्रधान शेरसिंह ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शिक्षा व स्वास्थ्य के निजीकरण के खिलाफ प्रस्तावित आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

# बलाई विकास समिति की बैठक संपन्न

## समिति के संरक्षक सेवानिवृत एडीएम केआर बुनकर ने किया समारोह का पोस्टर विमोचन




भीम प्रज्ञा न्यूज.चौमूं।

**सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ।** शहर के मोरीजा रोड स्थित बलाई समाज सभा-भवन पर रविवार को बलाई विकास समिति जयपुर, मुख्यालय-चौमूं के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। समिति के महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने बताया कि आगामी 8 मार्च 2026, अंतरराष्ट्रीय दिवस पर समिति द्वारा आयोजित होने वाले महिलाओं का सम्मान समारोह को लेकर चर्चा-परिचर्चा की गई एवं जिम्मेदारियां दी गई। इसके पश्चात महिला दिवस पर होने वाले महिलाओं का सम्मान समारोह का पोस्टर विमोचन समिति के संरक्षक व सेवानिवृत्त एडीएम के.आर. बुनकर द्वारा किया गया। इस मौके पर समारोह के मुख्य संयोजक समाजसेवी सुमन सुरेश कुमार महरिया, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी जयपुर के सेवानिवृत उप प्रबंधक लालाराम महरडा, सनराइज होटल बिलौची मैनेजर गोपीराम महरडा, सह संयोजक जालसू पंचायत समिति सदस्य सुनीता वर्मा, गोविंदगढ़ पंचायत समिति सदस्य व समाजसेवी राधेश्याम खारडिया, समाजसेवी सायर चंद बुनकर, उपाध्यक्ष नाथूलाल बराला, एडवोकेट राधेश्याम बुनकर, कालूराम सामरिया, उपकोषाध्यक्ष नानगराम लूनिवाल, सचिव राजेंद्र प्रसाद काला, सांवरमल छेड़वाल, मुकेश कुमार कालोया, कार्यकारी सदस्य गोपाल लाल देवठिया, तुलसीराम बामणिया, हाथनोदा ग्राम इकाई अध्यक्ष राहुल कुमार जोया आदि मौजूद रहे।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन 28 फरवरी तक

भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।

**भांडोरिया ।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के तहत अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त जनजाति के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं,पात्र विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

डीसी अभिषेक मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत सरकारी अथवा निजी शिक्षण संस्थाओं में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्रवृति प्रदान की जाती है। पात्र विद्यार्थी 28 फरवरी तक पंजीकरण अवश्य करें ताकि वे आर्थिक वजह से उच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न रहें। उन्होंने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति के लिए छात्र को पीएमएस-एससी के लिए अनुसूचित जाति श्रेणी और पीएम-यशस्वी घटक-2 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग या विमुक्त जनजाति से संबंधित श्रेणी से होना चाहिए, छात्र हरियाणा राज्य का निवासी हो और छात्र की वार्षिक पारिवारिक आय 2 लाख 50 हजार रुपए से अधिक न हो। वह पात्र शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए 28 फरवरी तक www.scholarships.gov.in पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# रेवाड़ी में आयोजित हिंदू सम्मेलनों में आरएसएस की शताब्दी यात्रा पर हुआ विचार-विमर्श

भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी?।

**भांडोरिया ।** रेवाड़ी में विभिन्न स्थानों पर भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। इन सम्मेलनो का मुख्य उद्देश्य हिंदू एकता को मजबूत करना और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा पर चर्चा करना था। इन कार्यक्रम में आरएसएस की स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों और समाज में लाए गए पांच प्रमुख परिवर्तनों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। सम्मेलनों की शुरुआत मां भारती की वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। संत कबीर बस्ती का मुक्तिवाडा सामुदायिक भवन में वक्ता डॉ आर बी यादव एवं साध्वी दीपांतर भारती, केशव बस्ती का सेक्टर 4 में वक्ता विक्रांत खंडेलवाल भारत विकास परिषद एवं एडवोकेट मोनिका, महर्षि वाल्मीकि बस्ती का वाल्मीकि बगीची में वक्ता डॉ पवन गोयल एवं प्रतिभा, माधव बस्ती का राजा वाटिका में वक्ता सुरेश पाल राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं साध्वी




कमलेश, उधमसिंह बस्ती का उत्तम नगर मंदिर में वक्ता सुनील राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं डॉ सुमन यादव, नेताजी सुभाष बस्ती का पुराना हिंदू स्कूल में वक्ता यशपाल धर्म जागरण एवं महेंद्र जैन, सुरसैन बस्ती का सैनी स्कूल में वक्ता सीए यशपाल एवं श्रुति मुख्य वक्ता रहे। हिंदू समाज को अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए आधुनिक चुनौतियों का सामना करना चाहिए। उन्होंने आरएसएस को राष्ट्र निर्माण का मजबूत स्तंभ बताते हुए कहा, 'आरएसएस ने पिछले 100 वर्षों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा के माध्यम से लाखों युवाओं को प्रेरित किया है। आज का सम्मेलन इसी यात्रा का एक हिस्सा है, जो हिंदू समाज को एकजुट करने का संदेश देता है।' हिंदू सम्मेलन कार्यक्रमो ने वक्ताओं ने हिंदू संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन पर प्रकाश डालते हुए सभी को सज्जन शक्ति को संगठित रहते हुए, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ भारत वर्ष को परम वैभव पर ले जाने हेतु आह्वान किया एवं संघ द्वारा प्रतिपादित प@ परिवर्तन–सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता–पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन पाँच परिवर्तनों को व्यवहार में अपनाकर समाज आत्मनिर्भर और सुदृढ़ बन सकता है। आज के समय में प्रत्येक नागरिक को इन विषयों पर आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। कार्यक्रमो ममें भव्य कलश यात्रा, ध्वज यात्रा, बाइक रैली, भजन कीर्तन, हिंदू धर्म पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी कार्यक्रमों में हिन्दू समाज ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इन सम्मेलनों में सम्मेलन में विभिन्न वक्ताओ ने हिंदू समाज की वर्तमान चुनौतियों, जैसे धर्मांतरण, सांस्कृतिक आक्रमण और सामाजिक एकता पर भी चर्चा की। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम आरएसएस की शताब्दी समारोह की श्रृंखला का हिस्सा है, जो पूरे देश में चल रहा है। सम्मेलन में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या में भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ ली। जिला प्रचार प्रमुख योगेश त्यागी ने बताया कि रेवाड़ी जिले में कुल 86 एवं रेवाड़ी नगर में 22 कार्यक्रम होने है जिनमें से रेवाड़ी नगर में अभी तक 14 कार्यक्रम हो चुके है ओर बाकी 8 ओर होने है। हिंदू सम्मेलन के संरक्षक अजय मित्तल, नगर संयोजक डॉ आर बी यादव, सीए यशपाल, सीए जीतेश, सीए कश्यप, योगेश त्यागी, राजकुमार जी के संयोजन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक की प्रेरणा से सभी बस्तियों में आयोजन समितियां ये कार्यक्रम कर रही है।

## खाटूश्यामजी मेला सेवा शिविर में विश्व स्काउट-गाइड चिंतन दिवस मनाया

भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।

कस्बे के खाटूश्यामजी मेला सेवा शिविर में विश्व स्काउट-गाइड चिंतन दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मानव श्रृंखला, निबंध प्रतियोगिता, संगोष्ठी, क्विज प्रतियोगिता एवं जन चेतना रैली का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को समापन समारोह में प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में खाटूश्यामजी प्रधान एड जनार्दन शर्मा, पलसाना सचिव पवन कुमार शर्मा, सुबोध कुमार शर्मा, सीताराम गुप्ता, जिला यूथ सचिव रामप्रसाद भास्कर, रचना अग्रवाल, सरोजिनी नायडू स्वतंत्र रेंजर टीम पलसाना की लीडर महिमा शर्मा, महेश कुमार सहित स्काउट व रोवर्स उपस्थित रहे। शिविर संचालक एवं स्थानीय संघ पलसाना सचिव पवन कुमार शर्मा ने विश्व स्काउट एंड गाइड चिंतन दिवस की उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस सेवा, अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश देता है। उन्होंने स्काउट-गाइड आंदोलन के उद्देश्यों और युवाओं में नैतिक मूल्यों के विकास पर विस्तार से जानकारी दी।



## गौड़ परिवार की दो पुत्रियों की शादी समारोह में शामिल हुए प्रबुद्ध जन

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।



महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति लक्ष्मनगढ के मंत्री पूर्व पार्षद राकेश कुमार गौड़ सैनी की भतीजियों, परमेश्वर लाल गौड़ सैनी की पुत्रियों व दामोदर प्रसाद गौड़ सैनी को पोतियों निकिता व प्रिंसी का शुभ विवाह फतेहपुर निवासी जगदीश प्रसाद मिटावा के पुत्रों आकाश व अंकित के साथ यहां लक्ष्मणगढ़ में समारोह पूर्वक आयोजित हुआ। इस अवसर पर शादी समारोह प्रबुद्ध जनों ने शादी समारोह में शामिल होकर आशीर्वाद प्रदान किया।

## विराट हिंदू सम्मेलन की सफलता पर श्रीराम बस्ती में हुआ वृक्षारोपण




भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

विराट हिंदू सम्मेलन की सफलता के उपलक्ष में श्रीराम बस्ती, चिड़ावा में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम हिंदू आयोजन समिति के तत्वावधान में अंबिका नगर के मुख्य चौक पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ऐसे रचनात्मक कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों में सर्वसमाज की सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान समिति पदाधिकारियों ने आयोजन की समीक्षा भी की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बस्ती स्तर पर प्रत्येक माह बैठक आयोजित की जाएगी, जिससे सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिल सके। इस अवसर पर पुजारी सुशील (अध्यक्ष), जयसिंह झाझरिया (उपाध्यक्ष), कुमार योगेश (जिला प्रचारक), रामप्रताप सैनी, राम अवतार, विजेंद्र, भूपेंद्र सिंह, डॉ. कृष्ण दत्त, विनोद, हेमंत, नवीन, काव्य, अंकित, सुरेंद्र बरला, कृष्ण, नितिन, विक्रम, कल्याण सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पीएमएफएमई योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 35 प्रतिशत तक दिया जा रहा अनुदानः डीसी

भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।

**भांडोरिया।** केंद्र सरकार द्वारा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास एवं सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सूक्ष्म



खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत विशेष पहल की गई है। इस योजना के तहत इच्छुक लाभार्थी अपने नए अथवा मौजूदा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम की स्थापना, विस्तार एवं उन्नयन के लिए आवेदन कर सकते हैं। सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने में पीएमएफएमई योजना कारगर साबित हो रही है।डीसी अभिषेक मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ऋण पूंजी पर 35 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये निर्धारित है। योजना का लाभ नए व मौजूदा निजी तथा समूह आधारित सूक्ष्म उद्यमों को दिया जा रहा है। योजना के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीय नागरिक पात्र हैं। व्यक्तिगत उद्यमी, गैर-सरकारी संगठन, सरकारी समितियां, प्रोपराइटरशिप फर्म, साझेदारी फर्म, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) तथा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में भी आवेदन किया जा सकता है। अन्य सरकारी योजनाओं के लाभार्थी भी इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र हैं। डीसी ने जिला के इच्छुक उद्यमियों से आह्वान किया कि वे पीएमएफएमई योजना का अधिकतम लाभ उठाकर स्वरोजगार को बढ़ावा दें तथा स्थानीय स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को सशक्त बनाएं।

### योजना की यह है पात्रता

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि पीएमएफएमआई योजना का लाभ 18 वर्ष से ऊपर की आयु का भारतीय नागरिक होना चाहिए। इसके अलावा व्यक्तिगत, गैर सरकारी संगठन, सरकारी समिति, प्रोपराइटरशिप फर्म, साझेदारी फर्म, एस.एच.जी./एफ.पी.ओ. तथा एकल इकाई के तौर पर व्यक्तिगत, एस.एच.जी./एफ.पी.ओ./प्राइवेट लिमिटेड कंपनी आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अन्य योजनाओं के लाभार्थी भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

## कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की रेवाड़ी में हुई अहम बैठक, विधानसभा घेराव में कार्यकर्ता बढ़चढ़ कर लेंगे भाग

भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।

**भांडोरिया ।** रेवाड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की शनिवार को अहम बैठक जिलाध्यक्ष सुभाष छावड़ी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व मंत्री डॉ. एमएल रंगा, एससी डिपार्टमेंट जिलाध्यक्ष रमेश ठेकेदार, पूर्व जिलाध्यक्ष दीवान सिंह चौहान और हरीश सैनी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सुभाष छावड़ी व पूर्व मंत्री डॉ. एमएल रंगा ने कहा कि बैठक में 25 फरवरी को चंडीगढ़ में होने वाले 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के लिए रूपरेखा तैयार की गई और फैसला लिया गया कि रेवाड़ी जिले से सभी पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कॉग्रेस कार्यकर्ता चंडीगढ़ पहुंचेंगे और विधानसभा घेराव में बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे। वहीं एससी डिपार्टमेंट के जिला अध्यक्ष रमेश ठेकेदार, पूर्व जिला अध्यक्ष दीवान सिंह चौहान तथा पूर्व जिला अध्यक्ष हरीश सैनी ने बताया कि इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा कि मौजूदगी में एआईसीसी महासचिव सांसद कुमारी शैलजा,



रणदीप सिंह सुरजेवाला, सीडब्ल्यूसी मेंबर व सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा कांग्रेस प्रभारी बीके हरिप्रसाद, सहप्रभारी जितेंद्र भघेल तथा परफुल्ल गुड्धे तथा मनरेगा बचाओ संग्राम के समन्यक लखन सिंगला की उपस्थिति में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष गजराज, पूर्ण, संगठन महासचिव प्रदीप, मनोज यादव दखोरा, महासचिव महेंद्र सिंह,विनय कमल, चरण सिंह गुर्जर, सचिव रणजीत लिसान, एडवोकेट कृष्ण कुमार, पप्पू पहलवान बुडोली, संदीप कसाना, जनेश राज जाडरा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## पंचायत चुनाव से पहले बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

## गृह क्षेत्र में नहीं रहेंगे बीडीओ, 3 वर्ष से अधिक एक ही जगह जमे अधिकारियों का हटेगा अतिरिक्त प्रभार

भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर।

राजस्थान सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने आगामी पंचायती राज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के चुनावों को देखते हुए बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है। राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश क्रमांक 128 दिनांक 02 जनवरी 2026 की पालना में खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) के स्थानांतरण और अतिरिक्त कार्यभार को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। यह आदेश न केवल चुनावी पारदर्शिता के लिहाज से अहम माना जा रहा है, बल्कि इसे चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

### क्या हैं प्रमुख निर्देश?

गृह पंचायत समिति में नहीं रहेंगे बीडीओ, कोई भी खंड विकास अधिकारी उस पंचायत समिति क्षेत्र में पदस्थापित नहीं रहेगा, जो उसका गृह क्षेत्र है। तीन वर्ष से अधिक एक ही स्थान पर जमे अधिकारी हटेंगे। 30 अप्रैल 2026 को कट-ऑफ डेट मानते हुए, यदि कोई अधिकारी पिछले चार वर्षों में तीन वर्ष से अधिक समय तक एक ही जिला/नगरपालिका/पंचायत समिति क्षेत्र में पदस्थापित रहा है, तो उसे वहां से हटाया जाएगा।

### अतिरिक्त कार्यभार भी हटेगा

जो अधिकारी अपने गृह पंचायत समिति क्षेत्र में कार्यरत हैं और जिन्हें विकास अधिकारी के रिक्त पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, उनका अतिरिक्त कार्यभार तत्काल प्रभाव से हटाया जाएगा।

### चुनावी निष्पक्षता पर जोर

विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी आदेश के अनुसार लागू किया जाएंगे।सभी जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे तीन दिवस के भीतर आदेशों की पालना रिपोर्ट अनिवार्य रूप से भिजवाना सुनिश्चित करें। शासन सचिव के हस्ताक्षर से जारी आदेश किया गया है तथा इसकी प्रतिलिपि प्रदेश के समस्त जिला कलेक्टर को सम प्रेषित कर सूचित किया गया है।

## खूब जमा लक्ष्मणगढ़ सेवा परिषद का फागोत्सव, फूलों की होली की मस्ती व राधा-कृष्ण रास ने लुभाया श्रद्धालुओं का मन

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

रघुनाथ जी के बड़े मन्दिर में शनिवार को लक्ष्मणगढ़ सेवा परिषद द्वारा महिला फागोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक अलका मनोज शर्मा ने बताया कि कस्बे कि लक्ष्मणगढ़ सेवा परिषद द्वारा मंदिर के महंत अशोक दास महाराज के पावन सानिध्य में ये कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे मुंबई की सुप्रसिद्ध गायिका सुषमा जोशी शर्मा मुम्बई, नगर के सुप्रसिद्ध कलाकार पवन शर्मा निर्मल व गायिका खुशी शर्मा द्वारा फाग-गीतों व भजनों से भगवान को रिझाया गया। गायिका सुषमा जोशी के भजनों पर महिलाएं झूम उठी । कार्यक्रम का विशेष आकर्षण मनमोहक सीकर भाजपा शहर महामंत्री राज शर्मा व बुलबुल जोशी का राधा-कृष्ण रास नृत्य रहा जिसके पश्चात फूलों की होली खेली गई जिससे आगन्तुक महिलाए झूम उठी। इस अवसर पर श्री रघुनाथ जी मंदिर के महंत अशोक दास महाराज का साफा, दुपट्टा व माला पहना अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया




।इस अवसर पर लक्ष्मणगढ़ सेवा परिषद के अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा, सचिव दीनदयाल जोशी, उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश महर्षि, सुमन पासोरिया , नीतू ढण्ड , रेखा शर्मा ,गायत्री पोडवाल ,सरला कुमावत , पूजा सैनी, सीमा शर्मा , सुमन बजाज , सुधा पुरोहित , सरिता शर्मा , कुसुम पुजारी , रीतू बजाज , वीना शर्मा ,कुसुम शर्मा,रेणु चितलांगिया , ममता जालान, नीतू जालान , कुसुम नीलिमा शर्मा सहित सेकड़ो की संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं ।कार्यक्रम संयोजक अलका मनोज शर्मा ने जताया सभी का आभार

## हमेटी के प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण में दूसरे दिन किसानों को मिला अंतरराष्ट्रीय मार्केटिंग व प्राकृतिक खेती का विशेष मार्गदर्शन

भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।

**भांडोरिया ।** हरियाणा मैनेजमेंट एंड एग्रीकल्चर एक्सटेंशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (हमेटी), जींद के सौजन्य से केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के द्वारा प्रगतिशील किसानों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन किसानों को विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अंतरराष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री डॉ. जेएस यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर, नेशनल काउंसिल ऑफ स्टेट एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोर्ड्स, इंडिया ने किसानों को प्री-हार्वेस्टिंग, हार्वेस्टिंग, ग्रेडिंग, सॉर्टिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान अपने उत्पादों को ब्लॉक, जिला, प्रदेश, देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किस प्रकार बेच सकते हैं और इसके लिए किन नियमों व कानूनों का पालन आवश्यक है। डॉ. यादव ने किसानों को FSSAI, APEDA, PGS, नेचुरल और ऑर्गेनिक प्रमाणन से जुड़ी प्रक्रियाओं की भी विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विभिन्न




महाद्वीपों में फूड सिक्योरिटी के मानक, लागत, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और कोल्ड चेन व्यवस्था पर भी विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से किसान अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी मजबूत पहचान बना सकते हैं। इस दौरान किसानों को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के मार्केटिंग विशेषज्ञ का मार्गदर्शन मिलना प्रशिक्षण सत्र की विशेष उपलब्धि रहा। कार्यक्रम में हमेटी जींद से आए प्राकृतिक खेती विशेषज्ञ एवं पूर्व खंड कृषि अधिकारी ड़ा0 सुभाष चन्द्र ने किसानों को प्राकृतिक खेती की बारीकियों से अवगत कराया। ड़ा सुभाष स्वम भी कई वर्षों से अपने खेतों में इसी प्रणाली से खेती करते है। उन्होंने प्राकृतिक कृषि के मूल सिद्धांतों, मृदा स्वास्थ्य सुधार, कीट प्रबंधन, पोषक तत्वों की पूर्ति और विपणन से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। साथ ही उन्होंने प्राकृतिक खेती की शुरुआत करते समय बरती जाने वाली सावधानियों और अपने फार्म में अपनाई जा रही पद्धतियों की जानकारी भी दी। कृषि विज्ञान केंद्र बावल के संयोजक व कीट विशेषज्ञ ने रसायन रहित विधि से फ़सलो, सब्ज़ियों व फलों में सफलतापूर्वक कीट नियंत्रण के बारे में जानकारी साँझा की। प्रोग्राम के आयोजक डॉ.जोगिंद्र सिंह यादव, डीन, केआर मंगलम यूनिवर्सिटी ने किसानों को प्राकृतिक खेती में खरपतवार प्रबंधन के विभिन्न तरीकों पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के तीसरे और अंतिम दिन समापन समारोह के दौरान सभी प्रतिभागियों को विभिन्न फसलों में प्राकृतिक खेती के विभिन्न आदानो को तैयार करने व उपयोग करने एवं उनका फसलों में प्रभाव के बारें में चर्चा का मौक़ा मिलेगा। अंत में प्रशिक्षर्थियों को हमेटी की तरफ़ से प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में 55 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया और विशेषज्ञों से मिली जानकारी को अपने खेतों में लागू करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के सफल बनाने में अरावली किसान क्लब कल्याण रेवाडी का विशेष सहयोग रहा है। क्लब की तरफ़ से मास्टर राकेश ने सभी किसानो व महमानो का स्वागत किया गया। यह प्रशिक्षण, केंद्र एवं राज्य सरकार का किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## 'रंगरसिया' में गूंजेगी चंग की थाप, फाग के रंगों संग सजेगी शेखावाटी की सांस्कृतिक छटा

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

होली के उल्लास के साथ शेखावाटी की लोकपरंपराओं को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से फ्रेंड्स वेलफेयर सोसाइटी की ओर से तीन दिवसीय फागोत्सव रंगरसिया' का आयोजन किया जाएगा। इस सम्बन्ध में कबूतरिया कुआं क्षेत्र स्थित पक्की प्याऊ के पास गीता सदन में आयोजित बैठक में कार्यक्रम को भव्य व आकर्षक बनाने पर समिति सदस्यों की ओर से विस्तृत चर्चा की गई। संयोजक जगदीश सैनी ने बताया कि कबूतरिया कुआं के पास आयोजित कार्यक्रम में 28 फरवरी को विशेष चंग महोत्सव आयोजित होगा, जिसमें चंग की थाप पर पारंपरिक फाग गीतों की स्वर लहरियां गूंजेंगी।



इसके बाद 1 मार्च एवं 2 मार्च को पारंपरिक गीन्दड़ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकार शेखावाटी की समृद्ध लोकसंस्कृति की जीवंत प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि 'रंगरसिया' केवल उत्सव नहीं, बल्कि संस्कृति संरक्षण का एक सशक्त प्रयास है। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को लोकगीत, पारंपरिक वेशभूषा एवं शेखावाटी की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में संदीप शर्मा, अश्विनी पारीक, प्रवीण नारनौलिया, राघव नारनौलिया, पंकज गोयनका, डॉ प्रभाष नारनौलिया, गगन जोशी, मनीष मिश्रा, सर्वोत्तम वैद्य, कमल तमोली, गिरीश गहलोत, कमल मारोठवाला, शशांक जोशी एवं हिमांशु पारीक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर फागोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।


## 'फेंकें नहीं, हमें दें' अभियान का असरः पालना गृह में सुरक्षित मिला नवजात, बाल कल्याण समिति ने लिया संज्ञान

### शिशु की सुरक्षा के लिए नियुक्त की गई विशेष महिला केयरटेकर

भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।

**सोहनलाल परिहार ।** बीकानेर में लावारिस शिशुओं के संरक्षण के लिए चलाए जा रहे 'फेंकें नहीं, हमें दें' अभियान का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। पीबीएम अस्पताल के पालना गृह में एक नवजात शिशु के आने की सूचना मिलते ही बाल कल्याण समिति (CWC) की टीम तुरंत सक्रिय हुई और अस्पताल पहुंचकर शिशु की सुरक्षा व उपचार का जायजा लिया।

**अस्पताल पहुंचकर जाना कुशलक्षेमः** सूचना मिलते ही बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष जुगल किशोर व्यास और सदस्य जन्मेजय व्यास पीबीएम अस्पताल के 'नीकू' (NICU) वार्ड पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद चिकित्सकों से नवजात के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उसे विशेष चिकित्सा निगरानी में रखने के निर्देश दिए।



**विशेष देखभाल की व्यवस्थाः** समिति अध्यक्ष ने बताया कि नवजात शिशु की उचित देखरेख और संरक्षण के लिए शिशु गृह से एक समर्पित महिला केयरटेकर की व्यवस्था कर दी गई है। इस दौरान चाइल्ड हेल्प लाइन के समन्वयक प्रवेश आचार्य भी उपस्थित रहे और आवश्यक समन्वय स्थापित किया।

**जागरूकता अभियान का परिणामः** उल्लेखनीय है कि पिछले माह बाल कल्याण समिति द्वारा शिशुओं की सुरक्षा के लिए 'फेंकें नहीं, हमें दें' अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना था कि वे मजबूरी में शिशुओं को असुरक्षित स्थानों पर न फेंकें, बल्कि पालना गृह में सुरक्षित छोड़ें।

# टी20 विश्व कपः इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराकर सुपर-8 का अपना पहला मुकाबला जीता

**पल्लेकेले (एजेंसी)।** फिल सॉल्ट के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के अच्छें प्रदर्शन से इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 के अपने पहले ही मुकाबले में शानदार दमदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 51 रनों से हरा दिया। इस मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 146 रन बनाये। इसक बाद मेजबान लंकाई टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 16.4 ओवर में 95 रनों पर ही आउट हो गयी।

मेजबान श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का फैसला किया जो सही साबित नहीं हुआ। इंग्लैंड ने खराब शुरुआत के बाद फिल सॉल्ट की 40 गेंदों में 62 रनों की पारी से ठीक स्कोर बना लिया। सॉल्ट ने संयम और आक्रामकता के साथ खेलते हु पारी को संवारा। मध्य क्रम हालांकि टिक नहीं पाया। । श्रीलंकाई गेंदबाज़ों ने अच्छी गेंदबाजी कर इंग्लैंड के अन्य बल्लेबाज़ों को हावी होने का अवसर नहीं दिया। अंतिम ओवरों में टीम किसी प्रकार 150 के करीब पहुंच पायी।

जीत के लिए 147 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत भी अच्छी नहींरही। पावरप्ले के अंत तक आधी टीम 34 रनोंर पर ही सिमट गयी। जैक्स ने लगातार चार ओवर गेंदबाज़ी करते हुए 22 रन देकर तीन विके लिए। वहीं जोफ्रा आर्चर ने नई गेंद से दो अहम विकेट लिए, जबकि लियाम डॉसन और आदिल रशीद ने भी दबाव बनाये रखा। । कप्तान दासुन शनाका ने 30 रन बनाये पर वह टिक नहीं पाये। आदिल रशीद ने अंतिम विकेट लेकर श्रीलंकाई पारी समेट दी।




# अल्काराज़ ने कतर ओपन टेनिस खिताब जीता



**दोहा (एजेंसी)।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने कतर ओपन टेनिस खिताब जीत लिया है। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी अल्कराज ने खिताबी मुकाबल में फ्रांस के अर्थुर फिल्स को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से हराया। दोनो में ये मुकाबला केवल 50 मिनट तक चला, जिसमें अल्काराज़ का दबदबा रहा।

इस खिताबी जीत के साथ ही अल्काराज़ ने इस साल 2026 में लगातार 12 मैच जीतने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया था। वह चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। अब उनके टूर खिताबों की तादाद बढ़कर 26 पहुंच गयी है। फाइनल में उन्होंने आक्रामक रुख अपनया जिसका फ्रांसीसी खिलाड़ी के पास जवाब नहीं था। खिताब जीतने के बाद उत्साहित अल्काराज़ ने कहा- साल की शुरुआत वाकई बहुत अच्छी रही है। मैं अपने खेल से बेहद खुश हूं और इसी लय को आगे भी बनाये रखना चाहता हूं। अल्काराज की इस फॉर्म को देखते हुए तय है कि वह इस सत्र में आगे भी खिताब जीतकर नये रिकार्ड बनाएंगे।

# किसी भी टीम को हल्के से ना लें, इससे आप लक्ष्य से भटक सकते हो : डैरेन सैमी



**मुंबई (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने टी20 विश्व कप के सुपर आठ के रविवार को होने वाले मैच से पहले अपने खिलाड़ियों को आगाह किया कि वह जिम्बाब्वे को किसी भी तरह से कम करके आंकने की गलती नहीं करें क्योंकि इससे वह लक्ष्य से भटक सकते हैं। सैमी ने इसके साथ ही कहा कि जिम्बाब्वे को ग्रुप बी में श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया जैसी वरीयता प्राप्त टीमों के साथ रखे जाने से अतिरिक्त प्रेरणा मिली होगी और उनका मानना है कि इसी वजह से जिम्बाब्वे ने अपनी क्षमता से बढ़कर प्रदर्शन किया और ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

जिम्बाब्वे ने ग्रुप चरण में पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराकर सबको चौंका दिया था। सैमी ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, 'ऐसा कम ही होता है कि केवल शीर्ष टीमें ही आगे बढें। मेरी टीम जानती है कि वह विश्व कप में खेल रही है। कल हमारा मुकाबला जिम्बाब्वे से है, फिर दक्षिण अफ्रीका से और उसके बाद भारत से।' उन्होंने कहा, 'हमारे सामने पिछले विश्व कप के दो फाइनलिस्ट हैं। अगर आपको जीतना है तो आपको अपने सामने मौजूद चुनौतियों का सामना करना होगा। इसे हल्के में न लें, किसी को भी कम न समझें। अगर आप अन्य चीजों पर ध्यान देते हैं तो आप लक्ष्य से भटक सकते हैं।'

सैमी ने जिम्बाब्वे के ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन के बारे में कहा कि उसे वरीयता नहीं मिली थी जिससे वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हुआ। उन्होंने कहा, 'जिम्बाब्वे ने वही किया जो उसे करना चाहिए था। अगर हमें वरीयता नहीं मिली होती या ऐसा कुछ होता और मैं देखता कि यह व्यक्ति (एक प्रतिद्वंद्वी) वहां खेलने जा रहा है तो इससे मुझे प्रेरणा मिलती।' सैमी ने कहा, 'मुझे पूरा यकीन है कि जिम्बाब्वे ने उस टीम को देखकर प्रेरणा और प्रोत्साहन हासिल किया होगा और उसी तरह से खेला होगा। लेकिन (टीमों को वरीयता देने के मामले में) मैं व्यवस्था के दृष्टिकोण से भी समझता हूं। प्रशंसकों को आश्वासन देने की कोशिश करना जरूरी है।'

# भारत ए ने बांग्लादेश ए को हराकर दूसरी बार महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स खिताब जीता

**बैंकॉक (एजेंसी)।** तेजल हसनबिस के अर्धशतक से भारत ए टीम ने यहां खेले गये एशिया कप महिला राइजिंग स्टार्स के फाइनल में बांग्लादेश ए को 46 रनों से हराकर खिताब जीता है। भारत की ओर से तेजल ने 34 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाये। वहीं इसके बाद लेग स्पिनर प्रेमा रावत ने भी 12 रन देकर तीन विकेट लिए ।

इस मैच में भारत ए ने एक समय 44 रन पर 4 विकेट खो दिये थे पर इसके बाद हसनबिस ने कप्तान राधा यादव के साथ पारी को संभाला। राधा ने 30 गेंदों पर 36 रन बनाये। इन दोनो के बीच पांचवें विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी हुई। इससे भारत ए टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 134 रन तक पहुंची। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ए टीम टिक नहीं पायी और 19.1 ओवर में 88 रन पर ही आउट हो गयी। बांग्लादेश ए टीम भारतीय गेंदबाजी के सामने टिक नहीं पायी। उसने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत में ही 12 रन पर अपना पहला विकेट खो दिया। तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर ने इश्मा तंजीम को पेवेलियन भेजा। वहीं इसके बाद प्रेमा ने शमीमा सुल्ताना को आउट कर दिया। इसके बाद एक के बाद एक विकेट गिरते चले गये।




# धवन ने सोफी शाइन से की दूसरी शादी

मुम्बई । पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन दूसरी बार दूल्हा बने हैं । धवन ने आयरलैंड की सोफी शाइन के साथ दूसरी शादी रचाई । उनकी शादी में रिश्तेदार और करीबी दोस्त शामिल हुए । धवन ने अपनी शादी की तस्वीरें भी सोशल मीडिया में भी साझा की हैं । इसके साथ ही उन्हें बधाइयां मिलने लगीं । अभिनेता रणवीर सिंह ने भी धवन के अलावा अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने इस जोड़े को बधाई दी है । रणवीर ने धवन को बधाई देते हुए लिखा, बधाई और भगवान का आशीर्वाद बना रहे भाई, । वहीं कॉमेडियन सुनील ग्रोवर ने लिखा, बधाई हो पाजी और भाभी जी, अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने दिल वाली इमोजी बनाई । वहीं क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने भी दोनो को बधाई दी है । धवन जहां शेरवानी में वहीं सोफी खूबसूरत लहंगे में नजर आई । शादी की तस्वीरों में दोनो ही बेहद खुश दिखे । धवन और सोफी की सगाई जनवरी में हुई थी। इसके बाद से ही शादी की तैयारी चल रही थी । इनकी सगाई की तस्वीरों को भी प्रशंसकों ने काफी पसंद किया था । ये दोनो ही पिछले काफी सयम से रिलेशनशिप में थे। धवन की पहली शादी ऑस्ट्रेलिया की आयेशा मुखर्जी से हुई थी जिनसे उन्हें एक बेटा जोरावर है । धवन और आयशा के बीच आठ साल के बाद तलाक हो गया था । उसके बाद से ही शिखर अकेले पड़ गये थे ।



# पाकिस्तान को सेमीफानल में पहुंचने सुपर-8 के दोनो मैच जीतने होंगे

कोलंबो । आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर-8 में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच हुए पहले मुकाबले के बारिश के कारण रद्द होने के बाद ही दोनो ही टीमों को एक-एक अंक मिले हैं । ऐसे में अब दोनो ही टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए बचे हुए दोनो ही मैच जीतने पूरी ताकत लगा देंगी । पाकिस्तान के आगे जाने की संभावनाएं अब बचे हुए मैचों के परिणामों पर आधारित रहेंगी । पाकिस्तान को अब अंतम चार में पहुचने न केवल देनो ही मैच जीतना होगा बल्कि ये भी देखना होगा कि उनका रन रेट बेहतर रहे । 24 फरवरी को पाकिस्तान की टीम को इंग्लैंड से खेलना है और उसके लिए ये मुकाबला आसान नहीं रहेगा । इंग्लैंड एक ऐसी टीम है जो किसी भी दिन मैच का पासा पलट सकती है । इसके बाद पाक को संयुक्त रुप से मैच का आयोजर कर रही श्रीलंका से 28 फरवरी को अपना अंतिम सुपर 8 मुकाबला खेलना होगा । अगर पाकिस्तान इंग्लैंड से हार जाता है, तो यह मैच उसे हार हाल में बड़े अंतर से जीतना होगा । भी पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बढ़कर 56.25 फीसदी हो गयी है । वहीं इंग्लैंड और श्रीलंका, जिन्हें अभी बड़े मैच खेलने हैं, उनकी जीत की संभावना घटकर 43.75 फीसदी पाक के पास अब अधिकतम 5 अंक तक पहुंचने का मौका है ।

# अपनी तकनीक में बदलाव नहीं करुंगा : अभिषेक




अहमदाबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा टी20 विश्वकप में असफल रहे हैं । वह अपने तीनों ही मैचों में खाता नहीं खोल पाये हैं । इसके बाद भी अभिषेक का कहना है कि वह आगे भी अपना खेलने का अंदाज नहीं बदलेंगे भले ही शून्य पर आउट हो जायें । भारतीय टीम अब लीग में जीतकर सुपर-8 में पहुंच गयी है। ऐसे में अभिषेक पर अब रन बनाने का दबाव है। अभिषेक वह पहली ही गेंद से आक्रामक खेलने का प्रयास करते हैं और इसी में कभी-कभी विकेट गंभव देते हैं । ग्रुप स्तर पर वह तीन पारियों में सिर्फ आठ गेंद ही खेल पाए । आंकड़े भी उनके खराब फॉर्म को दिखाते हैं । वह अपनी पिछली सात पारियों में पांच बार शून्य पर आउट हुए हैं. कुल मिलाकर, 40 टी20 अंतरराष्ट्रीय पारियों में से छह में वह बिना रन बनाए पवेलियन लौटे हैं। वहीं इससे उबरने अभिषेक लगातार ट्रेनिंग में मेहनत कर रहे हैं, जिससे अपना फार्म वापस पा सकें । उन्होंने अपने पर दबाव से इंकार करते हुए कहा 5मैं बस अपनी बल्लेबाजी का मजा लेता हूं, मैंने दो साल पहले दबाव लेना बंद कर दिया क्योंकि मुझे समझ आ गया कि प्रक्रिया मेरे हाथ में है। अभ्यास और ट्रेनिंग मैं नियंत्रित कर सकता हूं, और उसी पर ध्यान देता हूं। मुझे यह पसंद है, इसलिए कोई दबाव नहीं है । 5अभिषेक जानने है कि हर खिलाड़ी के करियर में ऐसा समय आता है । इसलिए मौजूदा खराब दौर के बाद भी वह अपनी तकनीक में बदलाव नहीं करेंगे क्योंकि इसी ने टी20 में उन्हें नंबर-1 बनाया है । इस बल्लेबाजन ने कहा ' करियर में हमेशा उतार-चढ़ाव आते हैं । कभी रन बनते हैं, कभी नहीं. लेकिन मैंने तय किया है कि मैं अपने तरीके से ही खेलूंगा ।'

# रिटायरमेंट की अफवाहों पर फुल स्टॉप, आईपीएल 2026 में फिर दिखेगा 'कैप्टन कूल' का जलवा

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। चेन्नई सुपर किंग्स के CEO कासी विश्वनाथन ने पुष्टि कर दी है कि दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज़ एमएस धोनी आईपीएल 2026 में खेलते नजर आएंगे।

लगातार उठ रही रिटायरमेंट की अटकलों के बीच यह आधिकारिक बयान सामने आया है, जिससे साफ हो गया है कि धोनी एक और सीजन 'येलो जर्सी' में दिखाई देंगे। कासी विश्वनाथन ने स्पष्ट कहा, 'एमएस धोनी आईपीएल 2026 सीजन के लिए उपलब्ध हैं।'



### सीएसके के साथ धोनी की विरासत

धोनी का चेन्नई सुपर किंग्स के साथ सफर ऐतिहासिक रहा है। उनकी कप्तानी में टीम ने 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में आईपीएल खिताब जीते। 44 वर्ष की उम्र में भी उनका खेल और फिटनेस फैंस को चौंकाते रहे हैं।

2008 से अब तक धोनी सीएसके के स्तंभ रहे हैं। उन्होंने 272 मैचों में 5314 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 2019 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ नाबाद 84 रन रहा।

### कप्तानी का लंबा सफर

धोनी ने 244 मैचों में टीम की कप्तानी की, जिसमें 145 जीत दर्ज कीं। उनका जीत प्रतिशत 59.42 रहा है।

2022 में कप्तानी रवींद्र जडेजा को सौंपी गई थी, लेकिन टीम के खराब प्रदर्शन के बाद धोनी को बीच सीजन में दोबारा जिम्मेदारी संभालनी पड़ी। 2024 में ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तान बनाया गया। 2025 में गायकवाड़ के चोटिल होने पर धोनी ने फिर टीम की कमान संभाली, हालांकि वह सीजन टीम के लिए कठिन रहा।

### 2026 के लिए रिटेंशन और बड़े बदलाव


आईपीएल 2026 के लिए धोनी को 4 करोड़ रुपये में अनकैप्ड प्लेयर नियम के तहत रिटेन किया गया है। उनके साथ रिटेन खिलाड़ियों में ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, डेवॉल्ड ब्रेविस और नूर अहमद शामिल हैं।

बड़े बदलाव के तहत रवींद्र जडेजा और सैम करन को राजस्थान रॉयल्स में ट्रेड किया गया है। वहीं चेन्नई ने राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को अपने साथ जोड़ा है, जिससे टीम की बल्लेबाजी को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### आईपीएल 2026 के लिए सीएसके की पूरी टीम

कार्तिक शर्मा, प्रशांत वीर, अकील हुसैन, एमएस धोनी, ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, आयुष म्हात्रे, डेवॉल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, उर्विल पटेल, नूर अहमद, नाथन एलिस, श्रेयस गोपाल, खलील अहमद, रामकृष्ण घोष, मुकेश चौधरी, जेमी ओवरटन, गुरजपनीत सिंह और अंशुल कंबोज।

# मेस्सी की मौजूदगी में MLS चैंपियन इंटर मियामी को मिली पहले मैच में हार



लॉस एंजिलिस । स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की मौजूदगी के बावजूद इंटर मियामी ने MLS कप में अपने खिताब के बचाव का अभियान हार के साथ किया । इंटर मियामी को अपने पहले मैच में लॉस एंजिलिस एफसी (LAFC) से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा । विजेता टीम की तरफ से डेविड मार्टिनेज, डेनिस बुआंगा और नाथन ऑर्डाज़ ने गोल किए । बुआंगा ने मैच के बाद कहा, 'वह मैच हमेशा खास होता है जिसमें मेस्सी खेलते हैं । हम मेस्सी की मौजूदगी में मियामी को हराना चाहते थे । इस मैच के लिए प्रत्येक खिलाड़ी का मनोबल बढ़ा होता है ।' इस मैच को देखने के लिए ऐतिहासिक लॉस एंजिल्स मेमोरियल कोलिज़यिम स्टेडियम में 75,673 दर्शक उपस्थित थे । दर्शकों ने घरेलू टीम की शानदार जीत का जश्न मनाया और मेस्सी को खेलते हुए देखने का भरपूर आनंद लिया । मेस्सी ने इस महीने हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के बावजूद पूरा मैच खेला ।

# पांड्या ने बेटे अगस्त्या को उपहार में दी करोड़ों की एसयूवी

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अपनी महंगी जीवनशैली के लिए जाने जाते हैं । वह हमेशा महंगी घडियां पहने दिखते हैं । इसी कड़ी में अब हार्दिक ने अपने पांच साल के बेटे अगस्त्या को करोड़ों की एसयूवी कार उपहार में दी है । पांड्या का सर्बियाई अभिनेत्री नताशा स्टैनकोविक से तलाक हो गया है पर बेटे का ध्यान दोनो ही मिलकर रहते हैं । अगस्त्या की कस्टडी हालांकि नताशा को मिली है पर हार्दिक उनसे मिलते रहते हैं । इतने छोटे से बेटे को करोड़ों की एसयूवी कार उपहार में दिये जाने से लोग हैरान दी क्योंकि उनके बेटे की उम्र अभी खिलौनों से खेलने की है । सोशल मीडिया पर हार्दिक के अपने बेटे अगस्त्या और पूर्व पत्नी नताशा स्टैनकोविक को दिए गए उपहार की तस्वीर वायरल हो रही है । इसमें हार्दिक का बेटा और नताशा लैंड रोवर डिफेंडर कार लेते दिख रहे हैं । तस्वीर में वेलकम नोट पर साफ-साफ लिखा हुआ है पापा टू अगस्त्या ।

# फ्लॉयड मेवेदर जूनियर ने पेशेवर रिंग में वापसी के संकेत दिए

नई दिल्ली । मुक्केबाजी के दिग्गज फ्लॉयड मेवेदर जूनियर ने एक बार फिर पेशेवर मुक्केबाजी में वापसी के संकेत दिए हैं। मेवेदर ने कहा कि वह आधिकारिक पेशेवर मुकाबला लड़ने पर विचार कर रहे हैं, जिससे मुक्केबाजी की दुनिया में हलचल मच गई है । 2017 में कॉनर मैकग्रेगर को हराकर 50-0 का रिकॉर्ड बनाने वाले मेवेदर ने उस मुकाबले के दसवें राउंड में टीकेओ से जीत दर्ज की थी और तुरंत बाद संन्यास की घोषणा की थी। हालांकि, संन्यास के बाद भी मेवेदर पूरी तरह रिंग से दूर नहीं रहे। उन्होंने पेशेवर मुक्केबाजों, एमएमए फाइटर्स और सेलिब्रिटीज़ के खिलाफ कई प्रदर्शनी मुकाबले लड़े। अगस्त 2024 में मेक्सिको में उनका मुकाबला जॉन गोटी तृतीय से हुआ था । अब 2026 में मेवेदर 59 साल के माइक टायसन के साथ मुकाबले की तैयारी कर रहे हैं । यह मुकाबला अप्रैल 2026 में कांगो में प्रस्तावित है और इसे बॉक्सिंग इतिहास के सबसे चर्चित आयोजनों में से एक माना जा रहा है । दोनों फाइटर्स की संयुक्त उम्र 100 वर्ष से अधिक है, लेकिन फैंस के बीच इस इवेंट को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है । मेवेदर ने कहा कि उनके इवेंट्स से प्राप्त गेट रेवेन्यू, वैश्विक दर्शक संख्या और कमाई शायद ही कोई और फाइटर हासिल कर सके । टायसन के साथ प्रस्तावित मुकाबला उनकी संभावित वापसी की दिशा में पहला कदम हो सकता है । यदि यह आधिकारिक मुकाबला बनता है, तो यह लगभग नौ साल बाद मेवेदर की पहली पेशेवर फाइट होगी। पांच अलग-अलग वेट डिवीजन में विश्व चैंपियन रह चुके मेवेदर का करियर ऐतिहासिक रहा है । टायसन के खिलाफ होने वाला मुकाबला तय करेगा कि 48 साल के मेवेदर का पेशेवर मुक्केबाज के रूप में भविष्य कैसा होगा । हालांकि, उनके फैंस रिंग में उनकी वापसी देखने के लिए उत्साहित हैं और उन्हें उम्मीद है कि यह मुकाबला मेवेदर के करियर को एक नया अध्याय दे सकता है ।



# आज कनाडा, अमेरिका सहित कई देशों से खेल रहे भारतीय मूल के खिलाड़ी : प्रधानमंत्री मोदी

**सैंटोस (ब्राज़ील) (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में विदेशी टीमों से खेलते हुए नाम देश का नाम रौशन कर रहे भारतीय मूल के खिलाड़ियों की प्रशंसा की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज टी20 विश्वकप क्रिकेट को ही देख लें। इसमें खेल रहे दुनिया भर के कई देशों में भारतीय मूल के खिलाड़ी नजर आ रहे हैं जो वहां की टीमों से खेलते हुए दोनो देशों का नाम रौशन कर रहे हैं। उन्होंने इस दौरान कनाडा से खेल रहे दिलप्रीत बाजवा, अमेरिका से खेल रहे मोनांक पटेल सहित कई खिलाड़ियों का नाम लिया। प्रधानमंत्री ने कहा, जो खेले वो खिले, खेल हमें जोड़ता भी है। आजकल आप टी-20 विश्व कप के मैच देख रहे होंगे। इस दौरान किसी भारतीय को दूसरे देश की जर्सी पहने भी आपने देखा होगा। उसका नाम सुनकर आपकों लगता है कि ये तो अपने देश का है, तब दिल में खुशी भी होती है कि भारत से बाहर जाकर भी वह वह उस देश की ओर से खेलता है, जहां उसका परिवार बस गया है। वे अपने-अपने देशों की जर्सी पहनकर मैदान में उतरते हैं और पूरे मन से उस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। साथ ही कहा, कनाडा की टीम क ही देख लें, इसमें सबसे ज्यादा भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं। टीम के कप्तान दिलप्रीत बाजवा का जन्म पंजाब के गुरदासपुर में हुआ था। नवनीत धालीवाल चंडीगढ़ के हैं। इस सूची में हर्ष ठाकर और श्रेयस मोआ जैसे कई खिलाड़ी शामिल हैं, जो कनाडा के साथ-साथ भारत का भी गौरव बढ़ा रहे हैं। अमेरिका टीम में शामिल कई खिलाड़ी भारत के घरेलू क्रिकेट से निकले हुए हैं। अमेरिकी टीम के कप्तान मोनांक पटेल ने गुजरात की ओर से खेला हैं। मुंबई के सौरभ, हरमीत सिंह, और दिल्ली के मिलिंद कुमार अमेरिकी टीम से खेल रहे हैं।

इसके अलावा ओमान की टीम में भी कई भारतीय हैं जो पहले भारत के अलग-अलग राज्यों से खेले हैं। जतिंद्र सिंह, विनायक शुक्ला, करन, जय और आशीष जैसे खिलाड़ी ओमान क्रिकेट टीम से खेलते हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड, यूएई और इटली की टीमों में भी भारतीय मूल के कई खिलाड़ी हैं। ये भारतीय देश से बाहर जाने के बाद भी देश का गौरव बढ़ा रहे हैं और वहां के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। भारतीयता की यही तो विशेषता है, वह जहां भी जायें, अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं। इसी के साथ ही वह जिस देश में रहते हैं, वहां के विकास के लिए सहयोग में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।





# युवराज सिंह की बायोपिक करना चाहते हैं सिद्धांत चतुर्वेदी

अपनी आगामी फिल्म ' दो दीवाने सहर में' को लेकर चर्चा में बने अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक बार फिर अपने उस ड्रीम रोल के बारे में खुलकर बात की है, जो सालों से उनके दिल के बेहद करीब है। जी हाँ, अपने करियर की शुरुआत क्रिकेट पर आधारित वेब सीरीज़ 'इनसाइड एज' से करनेवाले सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक बार फिर क्रिकेट की तरफ लौटते हुए भारतीय क्रिकेट के दिग्गज क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक करने की इच्छा जताई है। बायोपिक के संदर्भ में सिद्धांत कहते हैं, 'मैं वर्ष 2019 से कहता आ रहा हूं और आज भी कहूंगा और कहूंगा, बल्कि इसे मैनिफेस्टभी करता हूँ एक दिन मुझे मशहूर क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक करने का मौक़ा मिले। उनकी जर्नी एक रोलरकोस्टर की तरह वाकई अविश्वसनीय रही है। मुझे वे न सिर्फ क्रिकेटर के तौर पर पसंद हैं, बल्कि व्यक्तित्व भी उनका शानदार है। मैं उनके क्रिकेट के साथ उनकी लाइफस्टाइल, और समस्याओं के प्रति उनके जज्बे को सलाम करता हूँ, जिस तरह उन्होंने परेशानियों को मात दी। वाकई वे एक आइकन हैं, और दुनिया को उनकी कहानी ज़रूर जाननी चाहिए।'

बतौर अभिनेता अपने हर किरदार में गहराई और सच्चाई दिखानेवाले सिद्धांत चतुर्वेदी की इस बात को सुनकर उनके दर्शक सहज ही कल्पना कर सकते हैं कि जब वे उनके क्रिकेट आइडल की भूमिका निभाएंगे तो वह कितना शानदार होगा। यही वजह है कि अब सिद्धांत के साथ उनके फैंस भी ये मैनिफेस्ट कर रहे हैं कि सिद्धांत जल्द से जल्द युवराज सिंह की भूमिका में नज़र आएं क्योंकि युवराज सिंह की भूमिका वही कलाकार निभा सकता है, जिसमें स्टार प्रेज़ेंस के साथ-साथ भावनात्मक संवेदनशीलता भी हो और इस कसौटी पर सिद्धांत पूरी तरह खरे उतरते हैं। वैसे बायोपिक की बात करें तो सिद्धांत जल्द ही दिग्गज फिल्ममेकर 'वी. शांताराम' का चुनौतीपूर्ण बायोपिक में नज़र आनेवाले हैं और इसके फर्स्ट लुक के साथ ही वे अपने दर्शकों की सराहना भी पा चुके हैं। फिलहाल अपने करियर में वास्तविक जीवन से जुड़ी, विरासत-प्रधान कहानियों के प्रति अपने जुड़ाव को सिद्धांत जिस खूबसूरती से मजबूत करते जा रहे हैं, इससे ये विश्वास और पक्का हो जाता है कि अगर कभी युवराज सिंह की बायोपिक बनी, तो उसके लिए सिद्धांत चतुर्वेदी एकदम परफेक्ट कलाकार होंगे।



# राजकुमार राव के समर्थन में उतरीं पत्नी पत्रलेखा; आलोचकों को दिया जवाब

हाल ही में अभिनेता राजकुमार राव को उनके बढ़े हुए वजन को लेकर ट्रोल किया गया था। लोगों ने उन्हें बूढ़ा तक कह डाला था। इसके बाद बीते दिन राजकुमार राव ने आलोचकों को जवाब देते हुए वजन बढ़ाने का कारण भी बताया था। अब अभिनेता की पत्नी व एक्ट्रेस पत्रलेखा ने राजकुमार राव का सपोर्ट किया है। साथ ही उन्होंने ट्रोलर्स पर भी निशाना साधा है।

पत्रलेखा ने राजकुमार राव की एक पोस्ट को अपनी स्टोरी पर शेयर करते हुए अभिनेता का सपोर्ट किया है। राजकुमार राव पर गर्व जताते हुए पत्रलेखा ने स्टोरी पर अपने नोट में लिखा, 'आप पर बहुत गर्व है। आप हर फिल्म प्रोजेक्ट के लिए अपना सब कुछ देते हैं। दुनिया उस प्रोसेस और मेहनत को नहीं देखती, जो एक एक्टर के किरदार को बनाने में लगाता है। आखिरी नतीजा हमेशा आसान दिखता है। नजर आने वाले सारे फेम और ग्लैमर के पीछे, एक एक्टर की जिंदगी खून, पसीने, आंसुओं और पर्सनल लाइफ के त्याग से भरी होती है।'


### 'निकम' फिल्म के लिए राजकुमार ने बढ़ाया वजन

हाल ही में राजकुमार राव एक इवेंट में शामिल हुए थे। जहां उनके बदले हुए लुक को देखकर लोगों ने उन्हें ट्रोल किया था और बूढ़ा बता दिया था। इसके बाद राजकुमार राव ने अपने इंस्टाग्राम पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट साझा किया था। इसमें उन्होंने बताया था कि उन्होंने अपनी आगामी फिल्म 'निकम' के लिए 9-10 किलो वजन बढ़ाया है। इसके लिए उन्होंने काफी मेहनत की। एक्टर ने पोस्ट में ये भी बताया था कि उन्हें प्रोस्थेटिक मेकप पसंद नहीं है, इसलिए जहां तक संभव होता है वो अपने शरीर पर मेहनत करते हैं। पोस्ट में राजकुमार राव ने अपनी उन पिछली फिल्मों का भी जिक्र किया, जिनके लिए उन्होंने ट्रांसफॉर्मेशन किया।

### नेटफ्लिक्स की फिल्म में नजर आएंगे राजकुमार राव




वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई फिल्म 'मालिक' में नजर आए थे। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। इसके अलावा उनकी आगामी फिल्मों में नेटफ्लिक्स की फिल्म 'टोस्टर' शामिल है। इसमें उनके साथ सान्या मल्होत्रा और अभिषेक बनर्जी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके अलावा उनकी पाइपलाइन में दो बायोपिक 'निकम' और पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक भी शामिल हैं।




# सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ सकती है आलिया भट्ट की फिल्म 'अल्फा'

यशराज फिल्म्स ने अपने स्पाई यूनिवर्स के जरिए 'टाइगर' फ्रेंचाइज 'पठान' और 'वॉर' जैसी कई पुरुष प्रधान फिल्में बनाईं और दर्शकों का प्यार हासिल किया है। इस यूनिवर्स का हिस्सा आलिया भट्ट और शरवरी वाघ भी बन गई हैं। उनकी महिला प्रधान स्पाई जासूसी फिल्म 'अल्फा' को 2026 में रिलीज किया जाना तय है। हालिया जानकारी में पता चला है कि निर्माता फिल्म को सिनेमाघरों में उतारने की बजाए सीधे ओटीटी पर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक...' आलिया स्टारर 'अल्फा' को सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जा सकता है। दरअसल, रानी मुखर्जी की फिल्म 'मर्दानी 3' सिनेमाघरों में बढ़िया प्रदर्शन नहीं कर रही है। इसलिए निर्माता कोई रिस्क नहीं लेना चाहते। हो रही हैं। बता दें कि इस फिल्म में बॉबी देओल भी दिखाई देंगे। फिल्म में आलिया और शरवरी के साथ बॉबी देओल भी दिखाई देंगे। यह एक्शन फिल्म होगी।

# ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बना रहे हैं विवेक अग्निहोत्री?



फिल्म 'कश्मीर फाइल्स' फेम निर्देशक विवेक अग्निहोत्री को लेकर ऐसी चर्चा है कि वे पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। ऐसी अफवाहों पर विवेक अग्निहोत्री ने चुप्पी तोड़ी है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि विवेक, टी-सीरीज के साथ मिलकर ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, एक बातचीत में विवेक अग्निहोत्री ने इस टॉपिक पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि वे एक बड़े नेशनलिस्टिक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने और डिटेल्स बताने से मना कर दिया। प्रोडक्शन हाउस के करीबी सूत्रों ने बताया, 'भूषण कुमार और विवेक अग्निहोत्री ने अपनी अगली फिल्म 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए हाथ मिलाया है। इसे टी-सीरीज और आई एम बुद्धा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया जाएगा। विवेक अग्निहोत्री इसके निर्देशन की जिम्मेदारी संभालेंगे। हालांकि, विवेक अग्निहोत्री से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बताया। उन्होंने न ही पुष्टि की, न ही खारिज किया।

# अब लेखिका बनीं अभिनेत्री आयशा शर्मा

अभिनेत्री आयशा शर्मा अपनी रचनात्मक पहचान को एक नया आयाम दे रही हैं। अब वे पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के साथ बतौर लेखिका डेब्यू कर रही हैं। सोशल मीडिया पर अपनी दमदार मौजूदगी और एक गहराई से जुड़ी कम्युनिटी के लिए जानी जाने वाली आयशा शर्मा ने धीरे-धीरे अपनी एक अलग आवाज बनाई है, जो सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं है। इस किताब के जरिए वह अभिव्यक्ति का एक और रास्ता तलाश रही हैं—एक ऐसा रास्ता जो ठहराव, आत्मचिंतन और भावनात्मक ईमानदारी को जगह देता है। उनकी पहली किताब सौ छोटे-छोटे ध्यानपूर्ण विचारों का संग्रह है, जो ताकत, कोमलता और आत्म-प्रेम के इर्द-गिर्द बुना गया है। रोजमर्रा की भावनाओं से जुड़ी यह किताब खास तौर पर उन लोगों के लिए है जो थकान, आत्म-संदेह और हर वक्त खुद को साबित करने के दबाव से जूझ रहे हैं। यह किताब हल देने का दावा नहीं करती, बल्कि एक ऐसा स्पेस बनाती है जहाँ पाठक खुद को पहचान सकें और एक सुकून भरी तसल्ली महसूस कर सकें। किताब के पीछे की भावना साझा करते हुए आयशा शर्मा कहती हैं, मेरा मानना है कि सही किताब आपको सही समय पर मिलती है। आयशा शर्मा के लिए लेखन उनकी डिजिटल मौजूदगी का स्वाभाविक विस्तार है, जहाँ आत्म-विकास, भावनात्मक संतुलन और अंदरूनी सफर जैसे विषय पहले से ही उनके दर्शकों से गहराई से जुड़ते हैं। यह नया अध्याय उनकी उस कोशिश को दर्शाता है जिसमें वह अभिनय, डिजिटल कहानी कहने और अब लेखन—तीनों के बीच सहजता से सफर करती हुई एक मुकम्मल क्रिएटिव पहचान गढ़ रही हैं।




# अक्षय कुमार ने जमकर की आरजे महवश की खिंचाई



'व्हील ऑफ फॉर्च्यून इंडिया' शो का लेटेस्ट एपिसोड काफी मजेदार होने वाला है। इस खास एपिसोड में 100 कंटेंट क्रिएटर्स नजर आएंगे, जिनमें आरजे महवश भी शामिल हैं। हाल ही में जारी प्रोमो में अक्षय कुमार, आरजे महवश की दरअसल, महवश पजल को स्क्रीन पर आने से पहले ही सॉल्व करने की कोशिश कर रही थीं। इसे देखकर अक्षय ने मजाक में कहा, 'किसी का बाप नहीं सॉल्व कर सकता... जो सॉल्व कर देगा उसे मैं 1 करोड़ दूंगा...1 करोड़ छोड़ो, अपनी किडनी भी दे दूंगा।' अक्षय की इस बात पर महवश और वहां मौजूद दर्शकों की हंसी झूट गई। महवश ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर प्रोमो शेयर करते हुए लिखा, 'इस दिन मेरे साथ जितना गलत हो सकता था, सब हुआ।

### शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के बारे में



मजेदार बातचीत और अक्षय कुमार के मजाकिया अंदाज ने इस एपिसोड को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। अक्षय कुमार का गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून इंडिया' सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे सोनी चैनल पर प्रसारित होता है। इसके अलावा इसे सोनी लिव ऐप पर भी स्ट्रीम किया जा सकता है। शो में प्रतियोगियों को वर्ड पजल्स सॉल्व करने होते हैं और इसके बदले में उन्हें कैश प्राइज जीतने का मौका मिलता है।



# सनी लियोनी ने बताया कैसे की 'कैनेडी' की तैयारी

**सनी लियोनी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कैनेडी' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित यह फिल्म जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह वही फिल्म है जो 2023 में कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाई गई थी। फिल्म को कई इंटरनेशनल फेस्टिवल्स में काफी सराहना भी मिली है। अब फिल्म भारत में रिलीज को तैयार है। इस बीच बातचीत के दौरान सनी लियोनी ने इस फिल्म, अपने पंद्रह साल के सफर और अपनी बायोग्राफी पर भी चर्चा की।**

### फिल्म में आपने चार्ली का किरदार निभाया है। कैसा अनुभव रहा?

जब मैं अपने सफर पर नजर डालती हूं तो लगता है कि इतने वर्षों बाद भी 'कैनेडी' मेरे भीतर कहीं न कहीं जिंदा है। मुझे बहुत खुशी है कि यह फिल्म अब ऑडियंस के सामने आने वाली है। मैं इतने समय से इसे अपने भीतर लेकर चल रही थी। अब इसे लोगों तक पहुंचते देखना मेरे लिए बेहद भावुक क्षण है। चार्ली का किरदार अपने आप में एक रहस्य जैसा था। इसमें कई परतें और कई तरह की ऊर्जा थीं। मुझे उसे खुद में उतारना था ताकि वह मेरा हिस्सा बन जाए। निर्देशक अनुराग कश्यप की आवाज और उनका समझाने का तरीका मेरे लिए मार्गदर्शन बनता था। हम रोज काम शुरू करने से पहले पढ़ते और सुनते थे। फिर समझते और कुछ नया खोजते थे।

### फिल्म का कौन सा अनुभव सबसे खास रहा?

अनुराग सर ने मुझसे कहा था कि चार्ली की हंसी बिल्कुल वैसी ही चाहिए जैसी वह कल्पना कर रहे हैं। इस हंसी को अपने भीतर लाना मेरे लिए आसान नहीं था। मुझे हर जगह हंसना पड़ता था। कार और लिफ्ट में भी हंसना पड़ता था। सेट पर इतने लोग होते थे कि वे मुझे देखकर सोचते थे कि मैं क्यों हंस रही हूं। कई बार मुझे लगता था कि लोग मुझे पागल समझ रहे होंगे। सच कहूं तो यह बात मुझे और मजेदार लगती थी क्योंकि मुझे मस्ती करना पसंद है और यह चार्ली वाली मस्ती एक अलग तरह की आजादी देती थी। धीरे-धीरे वह हंसी मेरे भीतर बस गई। इससे मैं चार्ली को गहराई से महसूस कर पाई। ये बात मैं कभी भूल नहीं सकती।

### क्या अनुराग कश्यप के सामने अपनी बात रखना आसान होता है?

अनुराग कश्यप के साथ काम करते हुए मैं हमेशा सुरक्षित महसूस करती थी। बाहर से लोग सोचते हैं कि वह गंभीर या कठोर होंगे। लोग उनकी फिल्मों या कहानियां देखकर उनके बारे में एक इंटेंस पर्सनालिटी की छवि बना लेते हैं। पर असल में वह बहुत नरमदिल व्यक्ति हैं। उनके सामने बैठकर बात करते समय हमेशा लगता था कि मेरी बात को महत्व मिल रहा है। हर कलाकार को यह एहसास नहीं मिलता कि उसे सुना जा रहा है। उन्होंने मुझे वही बनने दिया जो मैं उस पल बनना चाहती थी। यही वजह है कि उनसे जुड़ा हर अनुभव मेरे दिल में खास जगह रखता है।

### जब इस फिल्म को कान फिल्म फेस्टिवल में एंट्री मिली तो पहला रिएक्शन क्या था?

उस वक्त जो खुशी मिली थी उसे शब्दों में नहीं बांधा जा सकता। वहां मुझे एक छोटा सा कागज मिला था, जिसमें मेरी सीट का नंबर लिखा था। वही मेरे लिए सबसे बड़ा अवॉर्ड था। उस टिकट को मैंने आज भी एक किताब के भीतर संभाल कर रखा है।

सफलता की सबसे बड़ी परिभाषा क्या है? अवॉर्ड्स कितने मायने रखते हैं?

### मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं यहां तक पहुंचूंगी

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में जब आप दूसरों की सफलताए देखते हैं, तो मन में एक छोटी सी इच्छा उठती है। लगता है कि काश मुझे भी कोई ऐसा अवसर मिले जिसमें मुझे पहचान मिले। यह भावना हर कलाकार के भीतर होती है और मेरे भीतर भी थी। लेकिन मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि मैं एक दिन यहां बैठकर अपने प्रोजेक्ट के बारे में इस तरह बात करूंगी। 15 वर्ष हो चुके हैं और मैं बहुत खुश हूं कि मैं इस मुकाम पर हूं। मेरे जीवन में ऐसे लोग हैं जो हर कदम पर मुझे ऊपर उठाते हैं और आगे बढ़ने की ताकत देते हैं।

# बीकानेर: 28 फरवरी को भीनासर में कांग्रेस की विशाल जनसभा, गोविन्दसिंह डोटासरा करेंगे संबोधित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

**सोहनलाल परिहार ।** आगामी पंचायतीराज एवं निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में 28 फरवरी को नोखा रोड स्थित भीनासर में एक विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी। सभा को गोविन्दसिंह डोटासरा मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे। रविवार को रानी बाजार स्थित देहात कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी (देहात) की मासिक बैठक अध्यक्ष बिशनाराम सियाग की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 28 फरवरी की जनसभा की तैयारियों और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि विकास, पारदर्शिता और जनसेवा के मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में उतरा जाएगा। अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि पंचायतीराज एवं निकाय चुनावों में कांग्रेस का परचम फहराना ही पार्टी का मुख्य लक्ष्य है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था की आलोचना करते हुए इसके विरोध में चरणबद्ध आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही एआईसीसी के निर्देशानुसार जिला, ब्लॉक एवं मंडल स्तर पर संगठन को सक्रिय करने और नियमित मासिक बैठकें आयोजित करने पर जोर दिया गया। जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए




पदाधिकारियों को पंचायतवार जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

पूर्व संसदीय सचिव मदनगोपाल मेघवाल ने कहा कि भीनासर की जनसभा संगठन के लिए मील का पत्थर साबित होगी और इससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। बैठक के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री सुषमा बारूपाल के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में लक्ष्मण कड़वासरा (अध्यक्ष भूदान आयोग), पूर्व मंत्री वीरेन्द्र बेनीवाल, नोपाराम जाखड़, यशपाल गहलोत, सुशीला सींवर, जियाउर रहमान, शिवलाल गोदारा, भंवरलाल कूकणा, जिला महासचिव (संगठन) प्रहलादसिंह मार्शल सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच संचालन मुरली गोदारा ने किया।

# पचेरी कलां में दहेज मुक्त शादी बनी चर्चा का विषय, 5 लाख का शगुन लेने से किया इनकार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।**

कस्बे में आयोजित एक शादी समारोह उस समय चर्चा का विषय बन गया, जब दूल्हे पक्ष ने सार्वजनिक मंच से दहेज लेने से साफ इनकार कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। जानकारी के अनुसार पचेरी कलां निवासी विकास सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह गौड़ का विवाह नूहानिया निवासी साक्षी कंवर पुत्री अनिल सिंह तंवर के साथ संपन्न हुआ। लग्न समारोह के दौरान लड़की पक्ष की ओर से 5 लाख रुपए शगुन राशि देने की बात सार्वजनिक रूप से कही गई। इस पर दूल्हे के पिता ठेकेदार लक्ष्मण सिंह ने मंच से ही स्पष्ट शब्दों में कहा कि उन्हें किसी प्रकार का दहेज नहीं चाहिए। उन्होंने सर्व समाज के पंडाल में घोषणा करते हुए कहा, 'मैं बेटी को सम्मानपूर्वक अपने घर लेकर आऊंगा, मुझे किसी भी प्रकार की राशि स्वीकार नहीं है।' जब



पंडित द्वारा मंच से यह घोषणा की गई कि लड़के पक्ष ने 5 लाख रुपये दहेज लेने से मना कर दिया है, तो उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर इस निर्णय का स्वागत किया। समारोह में मौजूद लोगों ने इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। उनका कहना था कि यदि इसी प्रकार जागरूकता बढ़ेगी तो गरीब परिवारों को बेटियों की शादी के लिए कर्ज लेने या आर्थिक बोझ उठाने की मजबूरी नहीं रहेगी।

लोकेश उर्फ प्रधान जी ने बताया कि यह विवाह सामाजिक समरसता और दहेज प्रथा के विरोध का उदाहरण है। लड़की पक्ष ने भी खुशी जताते हुए कहा कि वे अपनी लाडली बेटी ऐसे परिवार को सौंप रहे हैं, जिसने सार्वजनिक रूप से दहेज न लेने का संकल्प लिया है। दहेज मुक्त इस विवाह की क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है और इसे समाज के लिए एक सकारात्मक पहल माना जा रहा है। समारोह में माल सिंह गौड़, गोपी सिंह गौड़, नेहरू सिंह, हनुमान सिंह, मनोज सिंह, मोनू सिंह, मोहन सिंह, बलजीत सिंह, अंकुर, आकाश, लोकेश, हिमांशु, लाल, मानवेंद्र सिंह, आशीष, जयदीप, आरती, ज्योति सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, परिवारजन, रिस्तेदार एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने मुंडावर में सागर जलाशय जीर्णोद्धार कार्य का किया शिलान्यास

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बावड़ी रोड स्थित सागर जलाशय के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और पानी को बचाना ही धरती माता की सच्ची सेवा है। भूपेंद्र यादव ने कहा कि



सागर जलाशय के जीर्णोद्धार से वर्षा जल का स्थायी संग्रहण संभव होगा, जिससे क्षेत्र का भूजल स्तर बढ़ेगा और मुंडावर सहित आसपास के क्षेत्रों में जल संकट से राहत मिलेगी। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से आह्वान किया कि इस योजना के संरक्षण और बेहतर संचालन के लिए एक समिति का गठन करें तथा जलाशय के आसपास हरियाली बढ़ाने, सड़क किनारे पौधारोपण करने और इस क्षेत्र को एक आदर्श हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव, राज्य पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा, पूर्व विधायक रामहेत यादव, डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान और अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विद्या भारती पब्लिक स्कूल, निजामपुर में छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित, 1062 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.निजामपुर।**



विद्या भारती पब्लिक स्कूल, निजामपुर द्वारा 22 फरवरी 2026 को छात्रवृत्ति परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। परीक्षा में हरियाणा तथा निकटवर्ती राजस्थान के विभिन्न गांवों से आए कुल 1062 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।विद्यालय प्रशासन के अनुसार परीक्षा परिणाम 25 फरवरी 2026 (बुधवार) को प्रातः 10 बजे घोषित किए जाएंगे। परिणाम संबंधी जानकारी के लिए अभिभावक एवं विद्यार्थी मोबाइल नंबर 7404086300, 7496915614, 9467830908, 9138615608 एवं 9138615603 पर संपर्क कर सकते हैं। विद्यालय की ओर से वरियता प्राप्त छात्र-छात्राओं को उनकी ट्यूशन फीस में 100 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी। परीक्षा समापन अवसर पर प्राचार्य विनोद यादव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे अवसरों का लाभ उठाने से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और आत्मविश्वास बढ़ता है। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव, वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव, प्रबंध निदेशक पीयूष यादव, निदेशक डॉ. रविन्द्रा यादव, प्राइमरी इंचार्ज विजय सोनी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## शहीद सुरेंद्र सिंह तक्षक की प्रतिमा का अनावरण, देशभक्ति की भावना से भर गया जाट बहरोड़

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** रविवार को जाट बहरोड़ में शहीद सुरेंद्र सिंह तक्षक की प्रतिमा का अनावरण किया गया, जिसमें केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और दिल्ली के उपमुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा ने शिरकत की। इस अवसर पर शहीद की प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और सेना के जवानों ने सलामी दी। भूपेंद्र यादव ने कहा कि शहीद सुरेंद्र सिंह तक्षक के बलिदान को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बलिदान को नमन करता हूं। उन्होंने मुंडावर पूर्व विधायक मंजीत चौधरी की मांग पर नीमराना से कुड़ी तिबारा मंदिर से मौलावास मार्ग तक रोड और सानौली से जाट बहरोड होते हुए मुंडावर तक रोड बनाने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा ने दिल्ली से मुंडावर तक डीटीसी बस चलाने की घोषणा की। शहीद सुरेंद्र सिंह तक्षक का जन्म 1 जनवरी 1984 को जाट बहरोड में हुआ था। उन्होंने 2003 में सीनियर सेकेंडरी परीक्षा उत्तीर्ण की और 6 मार्च 2003 को सेना में भर्ती हुए। 4 अक्टूबर 2015 को कुपवाड़ा जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एवं स्वास्थ्य शासन मंत्री झाबर




सिंह खर्रा, अलवर पूर्व सांसद डॉक्टर करण सिंह, अलवर जिला प्रमुख बी एस चौधरी, बहरोड पूर्व प्रधान एडवोकेट बस्तीराम यादव, अलवर उत्तर बीजेपी जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव और उम्मेद सिंह भाया मुंडावर पूर्व विधायक मनजीत चौधरी की माता विमला देवी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एडवोकेट रमेश तक्षक,नीमराना अध्यक्ष राकेश खंडेलवाल, खैरथल तिजारा पुलिस अधीक्षक मनीष चौधरी ,सरस डेयरी चेयरमैन नितिन संगवान ,जिला पार्षद वेद प्रकाश खबरी ,पूर्व आयुष विभाग उपनिदेशक डॉक्टर जलदीप पथिक, जाट बहरोड सरपंच सुरेंद्र चौधरी उर्फ बिल्लू , बीबी बीएड कॉलेज निदेशक सुभाष चौधरी , शिक्षाविद कैलाशचंद जांगिड़, शिक्षाविद रविंद्र शर्मा, रामभरोस तक्षक सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## आईटी विभाग के कार्मिकों की दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ समापन, एकल वर्ग में कपिल झाझडिया और मीनू वर्मा विजेता

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।**

राजस्थान अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघ जिला इकाई झुंझुनू के तत्वाधान में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के कार्मिकों के लिए दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन रविवार को स्वर्ण जयंती स्टेडियम में हुआ। जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश नुनिया ने बताया कि जिले में पद स्थापित आईटी कार्मिकों में आपसी सौहार्द, टीम भावना एवं शारीरिक- मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, इस प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीओआईटी संयुक्त निदेशक अनीता कुमारी, साइबर सीआई गोपाल सिंह जांगिड़, जिला खेल अधिकारी राजेश ओला एवं प्रतियोगिता प्रायोजक यूनिक वनटच सिस्टम के राज्य समन्वयक योगेंद्र सिहाग रहे । पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में कपिल झाझडिया ने राकेश डांगी को 23-21, 21-15 से हराकर विजेता बने। महिला एकल वर्ग के फाइनल में मीनू वर्मा



ने मनोज कालेर को 15-5, 15-6 से हराकर विजेता बनी। पुरुष युगल फाइनल में कपिल झाझडिया और हेमंत पुनिया की जोड़ी ने राजेश जांगिड़ और राकेश डांगी की जोड़ी को 21-15, 21-8 से हरा कर युगल वर्ग में विजय रहे। मिश्रित वर्ग के फाइनल में कपिल झाझडिया और सुमन कुमारी की जोड़ी ने राकेश डांगी और मीनू वर्मा की जोड़ी को 21-14, 18-21, 21-15 से हराया। महिला युगल वर्ग में मीनू कुमारी और अनिता कुमारी विजय रहे।

## थाना शहर टोहाना पुलिस की कार्रवाई : ढाबा संचालक से मारपीट, तोड़फोड़ व जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपी काबू

### खाना खाने के बाद बिल मांगने पर झगड़ा, दुकान में तोड़फोड़ व नुकसान करने का आरोप

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शहर टोहाना पुलिस ने ढाबा संचालक से मारपीट, तोड़फोड़ व जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता महेन्द्र कुमार पुत्र जुगल किशोर निवासी वार्ड नं. 18, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, प्रीत अस्पताल के पास, लिंक दमकोरा रोड, टोहाना ने शिकायत दी कि दिनांक 17.02.2026 की रात करीब 10:35 बजे दो युवक उसके 'शेरू का ढाबा' पर खाना खाने आए। खाना खाने के बाद जब बिल मांगा गया तो दोनों ने गाली-गलौच शुरू कर दी और शिकायतकर्ता व उसके कर्मचारियों के साथ मारपीट की। एक आरोपी ने शिकायतकर्ता की बाईं टांग पर दांत से काटकर चोट पहुंचाई। आरोपियों ने ढाबे में तोड़फोड़ की, काउंटर के पत्थर तोड़े, पानी की टंकी क्षतिग्रस्त की तथा शटर का ताला तोड़ने का प्रयास किया। साथ ही शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई। आरोपियों की पहचान अजय सिंह पुत्र धिन्दर पाल निवासी लोहाखेड़ा तथा




परगट सिंह पुत्र नरेश कुमार निवासी लोहाखेड़ा के रूप में हुई। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को काबू किया। इस संबंध में थाना शहर टोहाना में अभियोग संख्या 55 दिनांक 18.02.2026 धारा 115(2), 351(2), 333, 324(4), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार शिकायतकर्ता को साधारण व काटने से चोटें आई हैं। मामले की गहनता से जांच की जा रही है तथा अन्य पहलुओं की भी पड़ताल जारी है।

## ताजपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन महामंडलेश्वर रामेश्वर दास ने किया

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.मंडी अटेली।**

**मनोज बुलाण ।** बाबा नृसिंह भगवान की गांव ताजपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन महामंडलेश्वर रामेश्वरदास ने रविवार को किया है। प्रतियोगिता में 18 टीमे हिस्सा ले रही है। रविवार को हुए मैच में मोहनपुर ने खोड़ को हराया, पटीकरा ने दूलोठ जाट को तथा भड़फ़ ने माजरी को शिकस्त दी। मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 रामेश्वर दास महाराज ने खिलाडियों को खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर इस तरह के आयोजन से प्रतिभाओं को सामने आने का मौक ा मिलता है। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 41 हजार द्वितीय को 21 हजार,तृतीय को 11 हजार एवं चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 51 सौ रुपए का नगद ईनाम दिया जाएगा। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज विजेता खिलाड़ी को 31 सौ रुपए का पुरस्कार भी दिया जाएगा। गांव के सरपंच राजकुमार, टाईगर पूर्व सरपंच इंद्रजीत यादव ने महामंडलेश्वर का स्वागत अभिनंदन कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। मेला कमेटी सदस्यों ने बताया कि 3 मार्च को




सांस्कृतिक कार्यक्रम, 4 मार्च को कबड्डी, कुश्ती व मेला व भंडारा भी होगा। कबड्डी के नेशनल स्टाइल में प्रथम को 21 हजार व द्वितीय को 11 हजार रुपए व तृतीय को 51 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में जयवीर भाटी, सुरेंद्र भाटी, नरेश नागर आदि कलाकार बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। इस मौके पर प्रधान राजाराम, बनवारी साहब, रामानंद शर्मा,सुमेर सरपंच बेगपुर, सतबीर, बीर सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन फतेहाबाद में बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच कैंप का सफल एवं प्रेरणादायक आयोजन

### विशेषज्ञ परामर्श, निःशुल्क दवाइयों का वितरण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश, हर माह अंतिम रविवार को होगा आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन फतेहाबाद में पुलिस परिवारों के बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण को समर्पित विशेष स्वास्थ्य जांच कैंप का सफल आयोजन किया गया। यह पहल पुलिस प्रशासन की जनकल्याणकारी सोच का उदाहरण है, जिसके तहत पुलिस कर्मियों के बच्चों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं दवाइयों की सुविधा प्रदान की गई। कैंप का आयोजन प्रख्यात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रमेश गुप्ता, गुप्ता चिल्ड्रन अस्पताल के सहयोग से




किया गया। इस दौरान बच्चों की विस्तृत स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। अभिभावकों को संतुलित आहार, नियमित टीकाकरण और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। डॉ. रमेश गुप्ता ने छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मोबाइल फोन का उपयोग न्यूनतम रखने की सलाह दी, ताकि बच्चे खेलकूद, अध्ययन और पारिवारिक संवाद में अधिक समय दे सकें। उन्होंने विशेष रूप से नवजात एवं शिशुओं के लिए मां के दूध के महत्व पर बल देते हुए बताया कि मां का दूध बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है और उनके शारीरिक व मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कैंप के दौरान डॉ. रमेश गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों के लिए इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्य सराहनीय हैं और समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि पुलिस परिवार विभाग की शक्ति का आधार हैं और उनके बच्चों का स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि यह स्वास्थ्य कैंप अब प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, ताकि पुलिस परिवारों को निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होती रहें और बच्चों के समग्र विकास को प्रोत्साहन मिलता रहे।

## खाटू के बाद जैतपुर धाम बना श्याम बाबा के आस्था का सबसे बड़ा केन्द्र

### लाखों श्रद्धालुओं ने मत्था टेक मांगी मन्नत मांगते मेला तक लगेगा

### भक्त गण आने लगे है, हजारों की संख्या में श्याम भक्त आ रहे है

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.मंडी अटेली।**

**मनोज बुलाण ।** अटेली खंड के गांव गिरधरपुर व राता क्षेत्र से सटे राजस्थान कोटपूतली बहरोड़ के जिले के प्राचीन धर्म स्थान श्याम बाबा मंदिर जैतपुर धाम में फाल्गुन माह में श्री श्याम बाबा का मेला बड़े ही जोर शोर से भरता है हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु नंगे पैर व पेट पलनिया श्याम के जयकारों के उद्घोष के साथ बाबा के दर्शन करते है। मंदिर के पुजारी देशराज यादव ने बताया कि अब की बार मुख्य मेला आज 22 फरवरी मार्च से 28 फरवरी तक देश भर से लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर मन्नत मत्था टेक मांगते हैं। वर्तमान में जैतपुर धाम ने बड़ा धाम का रूप ले लिया भक्तों द्वारा जगह जगह जल शिविर व भंडारा लगा कर भक्तों की सेवा की जा रही हैं। मेले में शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए रहता है। वही भक्तों द्वारा बाबा श्याम का विशाल गेट बनवाया हुआ है वही मेला में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीम अपनी सेवा देती है। वर्जन-




गांव के सरपंच मोहित व श्री श्याम सेवा समिति प्रधान ताराचंद यादव ने बताया कि खाटू के बाद जैतपुर धाम श्याम भक्तों के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्थान है। हर वर्ष मेले में भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। पिछले वर्ष लाखों की संख्या में भक्तों ने दर्शन किए थे लेकिन हर बार अंदाजा लगाया जा रहा है की उस से भी ज्यादा भक्त गण बाबा के दर्शन किए हैं। गौरतलब की बात है प्रतिदिन श्याम बाबा का ताजा फूलों का श्रृंगार हवाई जहाज द्वार कोलकाता से आने पर होता है। आपको बता दें ऐसा कहां जाता है कि महाभारत काल के दौरान कृष्ण भगवान द्वारा बर्बरीक का शीश दान लेने पर यहां आकर टिका था।

# सहड़ का बास की लाडली नेहा भूपेश ने श्रेष्ठा योजना में 894वीं रैंक से किया गांव का नाम रोशन

### ग्रामीण परिवेश से राष्ट्रीय पटल तक... संघर्ष, संकल्प और सफलता की मिसाल बनी नेहा

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.पचेरी।**

झुंझुनूं जिले के छोटे से गांव सहड़ का बास की बेटी नेहा भूपेश ने यह साबित कर दिया है कि सपनों की उड़ान के लिए संसाधन नहीं, बल्कि मजबूत इरादों की जरूरत होती है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगी प्रवेश परीक्षा में नेहा ने 894वीं रैंक हासिल कर श्रेष्ठा योजना के तहत सीबीएसई इंग्लिश मीडियम आवासीय विद्यालय में नौवीं कक्षा में प्रवेश के लिए चयन प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल नेहा और उसके परिवार के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। अब उसकी उच्च स्तरीय पढ़ाई का संपूर्ण खर्च केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा, जिससे उसके सपनों को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। नेहा वर्तमान में पचेरी बड़ी स्थित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल की कक्षा 8 की छात्रा है। स्कूल के संचालक कृष्ण कुमार टेलर ने बताया कि नेहा



शुरू से ही एक प्रतिभावान और अनुशासित छात्रा रही है। पढ़ाई के साथ-साथ वह सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेती रही है और हर मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि पहली ही बार प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होकर राष्ट्रीय स्तर पर रैंक हासिल करना नेहा की मेहनत, लगन और आत्मविश्वास का प्रमाण है। नेहा की इस उपलब्धि पर पिता रामावतार सिंह, माता संजना देवी और भाई प्रतीक भूपेश ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनकी बेटी ने परिवार के साथ पूरे गांव का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। ग्रामीण परिवेश में सीमित संसाधनों के बावजूद नेहा ने अपने लक्ष्य पर फोकस बनाए रखा और कठिन परिश्रम से यह मुकाम हासिल किया। ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए कार्यरत भीम प्रज्ञा सेंट्रल लाइब्रेरी की संचालक मीना एच पंवार और एडवोकेट हरेश पंवार ने भी नेहा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता गांव की अन्य बेटियों के लिए नई राह खोलेगी। नेहा भूपेश की यह उपलब्धि उन सभी विद्यार्थियों के लिए संदेश है जो बड़े सपने देखते हैं ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com